रोहतक

गुरुवार, 9 मई 2024

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 102

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 41.6

न्यून. 23.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




07 तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज




## खबर संक्षेप

### पुंछ आतंकी हमले के 3 संदिग्धों की तस्वीर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई हैं। इनमें एक पाक सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर कमांडर अबु हमजा व तीसरा पाकिस्तनी आतंकी हदून है। वहीं, कुलगाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीसरे आतंकी को भी मार गिराया।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 उड़ानें रद

**नई दिल्ली/कोच्चि।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी 80 से अधिक उड़ान रद कर दी हैं, क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसके बाद देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। भाषा

### ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए मांगे थे 2.5 करोड़

**मुंबई।** ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। दानवे ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने ने एक चिप के जरिए मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके कथित तौर पर पैसे मांगे थे। बातचीत के बाद 1.5 करोड़ में सौदा तय हुआ था। पुलिस ने आरोपित को दानवे से एक लाख रुपये लेते गिरफ्तार किया है। एजेंसी

## विवादित टिप्पणी के बाद सैम का ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

# पित्रोदा के बयान पर सियासी बखेड़ा

### कांग्रेस नेता बोले - भारत में पूर्व के लोग चीनी व दक्षिण के अफ्रीकी जैसे दिखते हैं | मोदी बोले-शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर अपमान किया और गाली दी | कांग्रेस ने कहा-भारत की विविधता की यह परिभाषा मंजूर नहीं, यह गलत है

**नई दिल्ली/हैदराबाद (भाषा/एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की विवादित टिप्पणी से बुधवार को सियासी 'बखेड़ा' खड़ा हो गया।



विवाद बढ़ने पर चहुंओर से घिरे कांग्रेस नेता पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसकी जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा- पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया। दरअसल, सुबह पित्रोदा का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वे कह रहे हैं कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं। बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की यह परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। इससे पहले उन्होंने 'विरासत टैक्स' का मुद्दा उठाया था, जिससे राहुल ने किनारा कर लिया था।



### मेरे मन में गुस्सा भर गया : मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को विपक्षी दल पर निशाना साधा। मोदी ने इन टिप्पणियों को 'नस्ली' बताते हुए कहा कि लोग त्वचा के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेंगे। 'शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी।' 'आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं; लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है।' 'क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अब समझ में आया कि कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को इसलिए हराना चाहती थी, क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग काला है।' अब कांग्रेस ने राष्ट्रपति का अपमान किया है।

### यह कहा सैम पित्रोदा ने

भारत में अनेक विविधताएं हैं जहां पूर्व के लोग चीनी, पश्चिम के लोग अरबी, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण के लोग अफ्रीकन की तरह दिखते हैं, फिर भी सब मिल जुलकर रहते हैं। पित्रोदा ने यह बयान एक अखबार को दिए इंटरव्यू में दिया था।

### पित्रोदा की उपमाएं अत्यंत गलत

पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, 'सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।'



## हाईकोर्ट ने की सरकार की खिंचाई

# हरियाणा सरकार को नियमित शिक्षक भर्ती करने के आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने प्रदेश के कॉलेजों में शिक्षकों के 2,300 पद रिक्त होने के बावजूद भर्ती नहीं होने और अयोग्य शिक्षकों के शिक्षण को विद्यार्थियों की दुर्दशा बताया। हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को छह माह में नियमित भर्ती करने का भी आदेश दिया और यह कहा कि आयु में छूट का लाभ केवल योग्य शिक्षकों को ही दिया जाए। हाईकोर्ट के समक्ष विभिन्न पक्षों की अलग-अलग याचिकाएं विचाराधीन थी। इन सभी पर एक साथ फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि प्रदेश के कॉलेजों में एक्सटेंशन लेक्चरार कार्यरत हैं। इन पदों पर भर्ती करते हुए 2010 में यूजीसी की तय की गई न्यूनतम योग्यता का ध्यान नहीं रखा गया। नेट या पीएचडी इसके लिए अनिवार्य है, लेकिन बिना इस योग्यता के भी लोगों को शिक्षण कार्य दे दिया गया।

**योग्य उम्मीदवारों को ही आयु सीमा में छूट मिले, छात्रों की दुर्दशा को खाली पद व अयोग्य शिक्षक जिम्मेदार 2020 में हाईकोर्ट पहुंचा था मामला**

### 2020 में यह दिया था निर्देश

मामला जब हाईकोर्ट पहुंचा तो सिंगल बेंच ने 2020 में अनिवार्य योग्यता पाने वालों को ही रखने और बाकी को बाहर करने का आदेश दिया था। जब इस मामले में अपील खंडपीठ में पहुंची तो वहां पर 2020 की तय की गई कट ऑफ तारीख पर सवाल उठाते हुए इस पर रोक लगा दी गई। इसके बाद सरकार दिसंबर 2023 में नोटिफिकेशन लेकर आ गई और नई कट ऑफ तारीख तय कर दी।

### हाईकोर्ट की टिप्पणी

हाईकोर्ट ने कहा कि छात्रों को अधिकार हैं कि वे योग्य शिक्षकों से ही पढ़ें, लेकिन एक्सटेंशन लेक्चरर जो निर्धारित योग्यता पूरी नहीं करते उन्हें उनसे पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि अभी नियमित शिक्षकों के कॉलेजों में 2,300 पद रिक्त हैं। इन पदों को भरने के लिए हाईकोर्ट ने सरकार को 6 माह का समय दिया है।

**मरीजों से मोटी रकम वसूलने के आरोप, सीबीआई ने बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया**

# भ्रष्टाचार में आरएमएल अस्पताल के दो डॉक्टर्स समेत नौ गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने बुधवार को दिल्ली के आएमएल अस्पताल में एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने अस्पताल के दो डॉक्टर्स समेत 9 लोगों को इलाज के लिए घूस लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले लोग भी शामिल हैं। ये लोग पूरा रैकेट चलाकर अस्पताल में आने वाले मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों में आरएमएल अस्पताल के दो डॉक्टर्स में एक प्रोफेसर और एक असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं।

### गोलमाल

**आरोपितों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले भी**

**सीबीआई ने कुल 16 लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

**एक डॉक्टर ढाई लाख रुपये की रिश्वत के साथ पकड़ा**

इन पर गरीब मरीजों से पैसे लेने और मेडिकल इक्यूपमेंट्स सप्लाई करवाने के नाम पर डीलर्स से मोटा पैसे लेने का आरोप हैं। सीबीआई ने डॉक्टर्स और मेडिकल इक्यूपमेंट्स से जुड़े डीलर्स के 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई ने अपनी एफआईआर में कुल 16 आरोपितों का जिक्र किया है।

### यूपीआई के माध्यम से मिली घूस

डॉक्टर पर्वतगौड़ा को करीब ढाई लाख की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ये रिश्वत उन्हें यूपीआई के माध्यम से मिली थी। कैथ लैब इंचार्ज रजनीश कुमार, कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर अजय राज, नर्स शालू शर्मा, क्लर्क भुवल जैसवाल और संजय कुमार गुप्ता व तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। इनमें चार आरोपित इक्यूपमेंट सप्लाई करने वाली कंपनी में काम करते हैं। सभी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन और क्रिमनल कॉन्सपिरेसी 120बी के तहत केस दर्ज किया है। नौ आरोपित पांच मॉड्यूल के जरिए भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे थे। मरीजों से इलाज के नाम पर पैसे वसूल रहे थे।

## आप नेता सिसोदिया की हिरासत 21 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की अदालत ने आबकारी



नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 21 मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ा दी।

# केजरीवाल की जमानत पर फैसला कल



गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर भी होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी। न्यायमूर्ति खन्ना बुधवार को न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के साथ एक अलग पीठ में बैठे थे। उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से केजरीवाल की याचिका को सूचीबद्ध किये जाने के मामले में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की।

## अहम फैसला | छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का हक पिता को देने से किया इनकार**

# लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति के लिए एक कलंक

भाषा ▸▸| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 'लिव इन रिलेशनशिप' को भारतीय संस्कृति के लिए एक कलंक बताते हुए मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय में न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की खंडपीठ ने पहले से विवाहित अब्दुल हमीद सिद्दीकी (43) और 36-वर्षीया एक हिंदू महिला के 'लिव इन रिलेशनशिप' से जन्म लिए एक बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता (सिद्दीकी) को देने से इनकार कर दिया है। खंडपीठ ने कहा है, समाज के कुछ वर्गों में 'लिव इन रिलेशनशिप' भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है। इस तरह का संबंध एक आयातित धारणा है, जो भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है।'

### यह है मामला

दंतेवाड़ा निवासी अब्दुल हमीद सिद्दीकी 3 वर्ष से एक हिंदू महिला के साथ 'लिव-इन रिलेशनशिप' में था, जबकि उसकी पहली पत्नी से तीन बच्चे हैं। 'लिव-इन' में रहते हुए महिला ने अगस्त 2021 में बच्चे को जन्म दिया, इसके बाद 2023 में महिला बच्चे के साथ लापता हो गई। सिद्दीकी ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई के दौरान महिला माता-पिता एवं बच्चे के साथ पेश हुई। महिला ने अदालत को बताया कि वह मर्जी से माता-पिता के साथ रह रही है। बच्चे से नहीं मिलने देने पर सिद्दीकी ने कुटुम्ब अदालत, में अर्जी दायर की। उसने प्रार्थना की कि वह अपने बच्चे की परवरिश करने में सक्षम है, इसलिए उसे बच्चे को सौंप दिया जाए। लेकिन कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी।

### मुसलमानों को 'लिव इन' में रहने का अधिकार नहीं

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुसलमान समाज को लेकर एक अहम टिप्पणी की है, उस टिप्पणी में कहा गया है कि कोई भी मुस्लिम लिव इन में रहने का अधिकार नहीं मांग सकता। असल में एक मुस्लिम शख्स हिंदू महिला के साथ लिव इन में रह रहा है, लेकिन उसकी शादी एक मुस्लिम महिला से पहले ही हो चुकी थी। एक पांच साल की बेटी भी थी, इसी वजह से अब कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि एक शख्स जो इस्लाम को मानता है, उसके पास लिव इन में रहने का कोई अधिकार नहीं है, उसे अधिकार बिल्कुल नहीं दिया जा सकता।

## एस्ट्राजेनेका दुनियाभर से अपनी कोरोना वैक्सीन वापस लेगी

**नई दिल्ली/लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 वैक्सीन की खरीद-बिक्री बंद करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने कहा है कि अब वैक्सीन की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई नहीं की जा रही है। एस्ट्राजेनेका का दावा है कि वैक्सीन को बंद करने का फैसला साइड इफेक्ट्स की वजह से नहीं लिया गया है।

**फैसले की वजह साइड इफेक्ट नहीं इसी फॉर्मूले से भारत में कोवीशील्ड बनी**










# वाजपेयी और देवीलाल के नाम एक साथ तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का रिकार्ड

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यूपी की तीन सीट से लड़ा था चुनाव, देवीलाल ने तीन राज्यों से एक साथ लड़ा चुनाव

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक

- वाजपेयी ने लखनऊ, मथुरा व बलरामपुर से एक साथ लड़ा था चुनाव
- देवीलाल रोहतक, सीकर व फिरोजपुर सीट से उतरे थे

लोकसभा चुनाव में एक साथ दो सीट से चुनाव लड़ना कोई नई बात नहीं है। नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, लाल कृष्ण आडवाणी समेत दर्जनों दिग्गज नेता दो सीटों से चुनाव लड़ चुके हैं और जीते भी हैं लेकिन इनमें से किसी ने भी एक साथ तीन लोकसभा सीटों से चुनाव मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं दिखाई। भारत के केवल दो दिग्गज राजनेताओं ने एक साथ तीन सीटों पर चुनावी मैदान में उतरने की हिम्मत दिखाई थी जिनमें पहला नाम अटल बिहारी वाजपेयी का है और दूसरा नाम है हरियाणा के चौधरी देवीलाल का। इन दोनों दिग्गजों ने न केवल एक साथ तीन सीटों पर चुनाव लड़ा बल्कि दो-दो सीटों पर जीत भी दर्ज की। आज से 67 साल पहले 1957 के लोकसभा चुनाव में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तर प्रदेश की तीन सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ा था।



### मथुरा से हार गए थे वाजपेयी

वाजपेयी ने लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से चुनाव मैदान में उतरकर सबको चौंका दिया था। वे लखनऊ और बलरामपुर से तो जीत गए लेकिन मथुरा से हार गए थे। ऐसा कहा जाता है कि वाजपेयी मथुरा से चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे लेकिन अपनी पार्टी के दबाव के कारण उन्हें दो सीटों के अलावा मथुरा से चुनाव मैदान में उतरना पड़ा था। वे भले ही एक सीट पर हार गए थे लेकिन उस समय वे भारत के पहले ऐसे प्रत्याशी थे जो लोकसभा चुनाव में एक साथ तीन सीटों पर चुनाव लड़े थे। वाजपेयी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में 1991 केवल दो सीटों पर एक साथ चुनाव लड़ा था। उन्होंने तीन सीटों से मैदान में उतरने का पुराना अनुभव नहीं दोहराया।

### देवीलाल फिरोजपुर से हारे

एक साथ तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का दूसरा और अंतिम जोखिम हरियाणा के चौधरी देवीलाल ने उठाया था। देश में किंगमेकर के नाम से विख्यात देवीलाल ने 1989 में एक साथ तीन सीटों पर चुनावी ताल ठोकी। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने में वाजपेयी का भी रिकार्ड तोड़ डाला था। वाजपेयी एक ही राज्य की तीन सीटों पर एक साथ चुनाव लड़े थे लेकिन ताऊ देवीलाल ने तीन सीटों के लिए तीन अलग अलग राज्य चुने। वे हरियाणा, राजस्थान और पंजाब की तीन सीटों पर एक साथ चुनाव लड़े, ऐसा साहस संसदीय इतिहास में किसी राजनेता ने नहीं दिखाया था। देवीलाल ने हरियाणा की रोहतक और राजस्थान की सीकर सीट जीत ली थी लेकिन वे पंजाब की फिरोजपुर सीट से हार गए थे।

### अब कोई प्रत्याशी तीन सीटों पर चुनाव नहीं लड़ सकता

अब कोई भी प्रत्याशी एक साथ दो सीट से अधिक चुनाव नहीं लड़ सकता। निर्वाचन आयोग ने 1996 में निर्वाचन अधिनियम की धारा में संशोधन करते हुए कानून बना दिया है कि लोकसभा में कोई भी प्रत्याशी दो सीट से अधिक जगह से चुनाव नहीं लड़ सकता। इस संशोधन से पहले भी निर्वाचन आयोग कई बार सिफारिश कर चुका था कि एक प्रत्याशी को एक केवल एक सीट से ही चुनाव लड़ने की अनुमति मिलनी चाहिए लेकिन सर्वसम्मति न बनने से एक प्रत्याशी अभी भी दो जगह से चुनाव लड़ सकता है।

### ये नेता दो सीट पर लड़े और दोनों पर जीते

| | | |
|---|---|---|
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1991 | विदिशा, लखनऊ |
| लाल कृष्ण आडवाणी | 1991 | दिल्ली, गांधी नगर |
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1996 | लखनऊ, गांधी नगर |
| सोनिया गांधी | 1999 | बेल्लारी, अमेठी |
| लालू प्रसाद यादव | 2004 | छपरा, मधेपुरा |
| अखिलेश यादव | 2009 | कन्नौज, फिरोजाबाद |
| मुलायम सिंह यादव | 2014 | आजमगढ़, मैनपुरी |
| नरेंद्र मोदी | 2014 | वाराणसी, वडोदरा |

### इंदिरा गांधी ने भी दो जगह से लड़ा चुनाव

अटल बिहारी वाजपेयी और देवीलाल के अलावा 1980 में भी अटकलें चली थीं कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को तीन लोकसभा सीटों से एक साथ चुनाव लड़वाया जा सकता है लेकिन इंदिरा गांधी अपनी लोकप्रियता को कम नहीं करना चाहती थीं इसलिए वे दो सीटों पर चुनाव लड़ा। उन्होंने रायबरेली और आंधप्रदेश की मेडक सीट से चुनाव लड़ा और दोनों सीटें जीत गईं। इस तरह 1989 के बाद भारत के किसी भी राजनेता ने एक साथ तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखाई।1991 के बाद भारत के दर्जनों नेताओं ने लोकसभा चुनाव में एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ा। एक साथ दो चुनाव लड़ने की परम्परा 2024 के लोकसभा चुनाव में दिखाई दे रही है।

---

## सियासी हलचल

### नड्डा कल पंचकूला में रोड शो निकालेंगे : विस स्पीकर

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 10 मई को पंचकूला आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि नड्डा सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में एक भव्य रोड शो करेंगे। गुप्ता ने कहा कि रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सैनी भी उपस्थित रहेंगे। नड्डा के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, जिला महामंत्री वीरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि ड्डा का रोड शो पंचकूला के सेक्टर-7 डीसी मॉडल स्कूल से शुरू होगा और सेक्टर-7-8 की लाइट प्वाइंट तक रहेगा। इस रोड में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस रोड से चुनावी अभियान को और गति मिलेगी।

### चुनाव आयोग ने डूज एंड डॉन्ट निर्देश किए जारी

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव -2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए।

---

## हॉट सीट रोहतक : भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर

# भाजपा की निगाहें एक बार फिर कोसली पर

**हलके में एक बार फिर देखने को मिलेगा रोचक मुकाबला, कई नेताओं की कांग्रेस में एंट्री से बदलाव की उम्मीद नहीं**

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश की सबसे हॉट सीट बन चुकी रोहतक का किला एक बार फिर फतह करने के लिए भाजपा की निगाहें बड़े व अहीर बाहुल्य हलके कोसली पर टिक चुकी हैं। इस हलके में एक बार फिर हालात पिछले लोकसभा चुनावों की तरह बनते नजर आने लगे हैं, जो अरविंद शर्मा को लगातार दूसरी जीत दिलाने में मददगार साबित हो सकते हैं। इस हलके में भाजपा का तिलिस्म तोड़ने के लिए दीपेंद्र ने काफी समय से कवायद शुरू की हुई है, परंतु जातिगत फैक्टर एक बार फिर अपना काम कर सकता है।

**■ जातिगत फैक्टर को तोड़ना कांग्रेस के लिए चुनौती**

### ये बन रहे समीकरण

पिछले लोकसभा चुनावों में रोहतक सीट पर दीपेंद्र सिंह हुड्डा की जीत को राजनीतिक विश्लेषकों और सर्वे से लेकर खुद भाजपा भी निश्चित मान बैठी थी। दीपेंद्र को कई विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल हुई थी।



### सेंध लगाने का प्रयास

2019 मेंकोसली हलके ने अकेले ऐसा चमत्कार किया था, जिसने दीपेंद्र के हाथों से जीती बाजी छीन ली थी। 70 हजार से अधिक वोटों की एक ही हलके में हार ने दीपेंद्र की जीत का रास्ता रोक दिया था। इसके बाद कांग्रेसी नेता ने इस हलके पर ज्यादा फोकस करना शुरू कर दिया था।

### बदल रहा माहौल

दीपेंद्र ने कुछ समय पहले ही जगदीश यादव और अनिल पाल्हावास को भाजपा के पाले से अपनी ओर खींच लिया था। अच्छे जनाधार के सहारे कोसली हलके में सेंध लगाने की दीपेंद्र की कवायद को लोकसभा चुनाव में बनने वाली जातिगत समीकरण एक बार फिर झटका दे सकते हैं। शुरूआती दौर में सत्ता पक्ष के प्रति लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही थी।

### भाजपा ने किया फोकस

लेकिन अब हालातों में तेजी से बदलाव नजर आने लगा है। स्थानीय विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की मजबूत पैठ भाजपा प्रत्याशी के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है। लक्ष्मण ने अपने इस हलके में पार्टी प्रत्याशी को एक बार फिर रिकॉर्ड मत दिलाने पर पूरा जोर लगाया हुआ है। पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव और भाजपा के दूसरे नेता भी इस सीट को निकालने पर पूरा फोकस कर रहे हैं। नेता प्रचार में जुटे हुए है।

#### स्टार प्रचारकों से माहौल बदलने की उम्मीद

प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा के स्टार प्रचारक मैदान में उतरने वाले हैं। कांग्रेस भी अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने जा रही है। देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने की संभावनाओं को देखते हुए कोसली हलके के लोग सत्ता पक्ष के साथ चलने की चर्चाएं करते हुए नजर आने लगे हैं। जाट और नॉन जाट के बीच मुकाबला बनने की सूरत में अहीर बाहुल्य हलके में दीपेंद्र को एक बार फिर खाली रखा जा सकता है।

#### हुड्डा खेमे के नेता लगा रहे जोर

दीपेंद्र को कोसली हलके में बढ़त दिलाने के लिए भाजपा से कांग्रेस में आए जगदीश यादव और अनिल पाल्हावास दोनों पूरा जोर लगा रहे हैं। हुड्डा खेमे से जुड़े पूर्व विधायक राव यादुवेंद्र सिंह ने दीपेंद्र को एक तरह से अपने भाग्य के भरोसे छोड़ा हुआ है। हलके के लोगों से यादुवेंद्र की लगातार दूरी दीपेंद्र के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकती है। यादुवेंद्र के प्रति पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी देखने को मिल रही है।

---

## चुनाव प्रक्रिया पर आयोग की पैनी नजर : अग्रवाल



■ मतदान के दिन या एक दिन पहले विज्ञापन के लिए पार्टियों को लेनी होगी अनुमति

**चंडीगढ़।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार मतदान के दिन या एक दिन पहले राज्य एवं जिला, मीडिया, प्रमाणीकरण एवं निगरानी कमेटी की अनुमति के बिना प्रिंट मीडिया में किसी भी प्रकार का राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लोकसभा चुनाव से संबंध में विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। आयोग द्वारा लिया गया यह निर्णय संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में प्रिंट मीडिया के माध्यम से राजनैतिक विज्ञापनों के द्वारा किसी का बचाव व गुमराह करना नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन तथा मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए एमसीएमसी से दो दिन पहले अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 77(1) तथा 127 ए के तहत आयोग ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी राजनीतिक पार्टीटी या उम्मीदवार के विरुद्ध प्रिंट मीडिया में चुनाव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का विज्ञापन या चुनाव संबंधित सामग्री प्रकाशित करते समय प्रकाशक को विज्ञापन के साथ अपना नाम व पता प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार केबल टीवी नेटवर्क विनियामक अधिनियम 1995 के प्रावधानों का उल्लंघन होता है तो उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध आदेश पारित किए जाएंगे यहां तक कि उसके उपकरणों को जब्त किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के विज्ञापन या पेड न्यूज भारतीय प्रेस परिषद व पत्रकार आचरण नियम 2020 तथा न्यूज ब्रॉडकास्ट एवं डिजिटल एसोसिएशन के नियमों के तहत प्रकाशित होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर भी ऐसे पेड न्यूज की मिली शिकायतों की निगरानी के लिए कमेटी गठित की गई है, जिसमें आल इंडिया रेडियो नई दिल्ली के समाचार सेवा अनुभाग के अतिरिक्त महानिदेशक (समाचार), डीएवीपी नई दिल्ली के अतिरिक्त महानिदेशक, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य, प्रधान सचिव व अधिकारी नजर रखेंगे।

---

### एचसीएस अमरजीत की सेवानिवृत्ति को हरी झंडी, अब सियासी पारी खेलने की तैयारी



**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनावों की सियासी मुहिम के बीच अफसरों में भी सियासी पारी खेलने की ललक बढ़ रही है। इस बीच हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। एचसीएस अमरजीत ने इस क्रम में वीआरएस मांगी थी। जिसको हरी झंडी दे दी गई है। विधानसभा चुनावों में भाग्य आजमाने के लिए तैयारी कर रहे अमरजीत सिंह ने सरकार से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के लिए आवेदन किया हुआ था। उनके वीआरएस आवेदन को मंजूरी भी मिल जाएगी। यह भी बताया जा रहा है कि अमरजीत रोहतक के कलानौर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। अमरजीत इस वक्त हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के संयुक्त सचिव के तौर पर काम कर रहे थे। इससे पहले वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में ओएसडी का पद संभाल चुके हैं।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दस को संजय टंडन का नामांकन करवाएंगे

**चंडीगढ़।** चुनावी रण में लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन का नामांकन पत्र 10 को दाखिल होगा। संजय टंडन का नामांकन पत्र दाखिल कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चंडीगढ़ आ रहे हैं । बताया जा रहा है कि नड्डा से पार्टी संगठन की ओर से निवेदन किया गया था। इसके बाद में उन्होंने चंडीगढ़ के लिए समय दे दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का रोड शो में भाजपा कार्यालय कमलम सेक्टर 33 से शुरू होकर चंडीगढ़ राजधानी के प्रमुख क्षेत्र से गुजरेगा। सेक्टर 17 चंडीगढ़ स्थित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय पहुंचकर संजय टंडन लगभग दोपहर 12:30 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल कर देंगे। इसके बाद में सेक्टर 27 रामलीला ग्राउंड में जनसभा का आयोजन किया जाएगा इस दौरान नड्डा यहां पहुंचने वाले भाजपा समर्थकों को संबोधित करेंगे, जनसभा का प्रभारी देवेंद्र सिंह को बनाया है। पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद अभी तक प्रचार कार्यक्रमों में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### गुरुग्राम में वॉल ऑफ डेमोक्रेसी का शुभारंभ

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम।** जिला प्रशासन, गुरुग्राम द्वारा लोकसभा आमचुनाव-2024 के छठे चरण में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता के प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में बुधवार की शाम लघु सचिवालय परिसर में लोकतंत्र की दीवार (वॉल ऑफ डेमोक्रेसी), ईवीएम-वीवीपैट-कंट्रोल यूनिट के डेमो लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने रिबन काटकर ईवीएम के डेमो तथा वॉल ऑफ डेमोक्रेसी पर हस्ताक्षर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

---

**भाजपा व कांग्रेस नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू**

# निर्दलीय विधायकों के सरकार से समर्थन वापसी के बाद प्रदेश में बढ़ी सियासी हलचल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

- दिन भर चली राजनीतिक बहस, गठबंधन में रह चुके जजपा नेता मांग रहे इस्तीफा
- एक दूसरे को नसीहत देते हुए नजर आए जजपा और कांग्रेस के नेता
- विधानसभा अध्यक्ष बोले, उनके पास में अभी तक कोई नहीं आया, वहीं पुराना स्टेट्स

प्रदेश की विभिन्न विधानसभा सीटों से तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा एक दिन पहले सरकार से समर्थन वापस लेकर कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो जाने के बाद और कुछ तो नहीं हुआ लेकिन चुनावी माहौल में सियासी हलचल बढ़ा दी है। बदलते माहौल में जहां विपक्षी नेता हमलावर हो गए हैं। इसके अलावा साढ़े चार साल तक सत्ता में भागीदार रहे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और उनके भाई दिग्विजय चौटाला भी हमलावर दिखाई दिए और यहां तक बोल दिया कि कांग्रेस पहल करे, तो वे भी उनका साथ देंगे। हालांकि जजपा औऱ कांग्रेसी नेता एक दूसरे को नसीहत तक ही सीमित रहे हैं, न ही तो कोई नेता राजभवन तक गया, न ही विधानसभा स्पीकर से मिलकर किसी ने कोई आपत्ति उठाई है।

कुल मिलाकर तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पीसीसी चीफ उदयभान की मौजूदगी में भाजपा से समर्थन वापस लेने का पत्र राज्यपाल को भेजने व कांग्रेस को समर्थन के बाद से सियासी गलियारों में दूसरे दिन भी लगातार बहस जारी रही। सुबह सवेरे से ही पूरे मामले में मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल के अलावा पूर्व गृह मंत्री व वरिष्ठ नेता अनिल विज सभी ने अपनी बात रखी। इसके अलावा नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम जजपा नेता दुष्यंत चौटाला, उनके भाई दिग्विजय चौटाला ने भी खुलकर बयानबाजी की साथ ही कहा कि राज्यपाल को कांग्रेस लिखित में दे, तो वे उनका साथ देंगे।वहीं इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सरकार या तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे, या फिर हरियाणा विधानसभा का सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल करें। उन्होंने कहा कि अगर यह ऐसा नहीं करते हैं, तो राज्यपाल सरकार को बर्खास्त करें।

#### सरकार को कोई दिक्कत नहीं मजबूती से खड़ी है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्तमान हालात पर कहा कि हरियाणा की सरकार बहुत मजबूती के साथ काम कर रही है, कांग्रेस नेताओं का षड्यंत्र व मंसूबे कामयाब होने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की इच्छा पूरी होने वाली नहीं है बाकी निर्दलीय विधायकों की इच्छा है। सीएम ने यह भी कहा कि आजकल कांग्रेस मांग पूरी करने में लगी है, निर्दलीयों की कुछ मांग होंगी, इसलिए वहां चले गए। इससे सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

#### मुख्यमंत्री नायब सैनी विश्वास मत हासिल करें : दुष्यंत

जननायक जनता पार्टी के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का कहना है कि जननायक जनता पार्टी से गठबंधन समाप्त हो जाने और तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद अब मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार अल्पमत में आ चुकी है।उन्होंने कहा कि इस समय यह कमजोर और अल्पमत वाली सरकार है, इसलिए मुख्यमंत्री को तुरंत विधानसभा का सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल करना होगा। अगर वे इस तरह का कदम नहीं उठाते हैं, तो राज्यपाल को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए।

#### सरकार अल्पमत में, प्रदेश में होगा बदलाव : दीपेंद्र हुड्डा

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने दावा किया कि प्रदेश की भाजपा नायब सैनी सरकार अल्पमत में आ चुकी है, जजपा के साथ भी गठबंधन टूट चुका है, इसलिए प्रदेश के अंदर बदलाव निश्चित है, जनता भी यही चाहती है। वर्तमान सरकार या तो बहुमत साबित करें वरना नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे। वहीं भाजपा की सरकार से समर्थन वापस लेने वाले रणधीर सिंह गोलन पूंडरी का कहना है कि अपने लोगों के बीच रायशुमारी के बाद में इतना बड़ा फैसला लिया है। हमने फिलहाल, कांग्रेस को बाहर से समर्थन किया है।






## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़: माइनर में डूबने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गर्मी से राहत पाने के लिए माइनर में नहाने के लिए उतरा एक युवक डूब गया। जब तक उसे निकाला जाता, देर हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय रितेश के रूप में हुई है। चरखी दादरी के सीसवाला गांव का रहने वाला था। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां बुधवार को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी राजीव के अनुसार, मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

### पंचायती रिकार्ड न देने पर पूर्व सरपंच पर केस

**यमुनानगर।** पंचायत का रिकार्ड व सामान न देने पर पुलिस ने महमूदपुर की पूर्व सरपंच अंजू रानी पर केस दर्ज किया है। यह केस खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। आरोप है कि पूर्व सरपंच को कई बार नोटिस देने के बाद भी न तो जवाब दिया और न ही सामान व रिकार्ड उपलब्ध कराया। खंड विकास एंव पंचायती अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव महमूदपुर की वर्तमान सरपंच ने पूर्व सरंपच अंजू रानी के खिलाफ शिकायत दी थी कि वह गांव के पंचायत का रिकॉर्ड व सामान नहीं दे रहे हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर 1.13 करोड़ ठगे, काबू

**कैथल।** इकनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की टीम द्वारा विदेश भेजने के नाम पर 1.13 करोड़ ठगने के मामले में आरोपी गांव जस्सोवाल जिला लुधियाना पंजाब निवासी अमृतपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव चंदलाना निवासी जसप्रीत सिंह की शिकायत अनुसार वह बेरोजगार है और विदेश जाने का इच्छुक था। गांव हरुआल जिला गुरदासपुर पंजाब निवासी शेरा से उसकी जान-पहचान हो गई। वह दुबई में रहता है और विदेश भेजने का कार्य करता है।

### डूबने से हुई मौत के मामले में आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** गांव तिलपत के स्वीमिंग पूल में तैरने के लिए गए युवक की तैरते समय डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। जिसकी शिकायत मृतक की माता सुमित्रा कौर के द्वारा थाना पल्ला में दी गई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर के द्वारा तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रबंधक समेर सिंह की टीम ने आरोपी प्रवेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी प्रवेश कुमार गांव तिलपत का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2 साल से स्विमिंग पूल चला रहा है।

### गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्लेशियर पिघलना शुरू, मिलेगी राहत

# भाखड़ा डैम का जलस्तर 1561.44 फुट तक पहुंचा, प्रदेश में नहीं रहेगी पानी की कमी

- दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में नहीं पानी की नहीं होगी दिक्कत

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

समय से पूर्व ग्लेशियर पिघलने से इस बार नंगल स्थित भाखड़ा डैम का पर्याप्त जलस्तर होने से इस बार मानसून से पूर्व भी हरियाणा, राजस्थान, पंजाब व हिमाचल को कृषि के साथ-साथ पीने के पानी की कोई किल्लत नहीं रहेगी। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण एकाएक पानी की डिमांड बढ़ गई है, ऐसे में भाखड़ा डैम में पर्याप्त जलस्तर की खबर यहां के लोगों के लिए बड़ी राहत देने वाली है। प्रदेश में कृषि की सिंचाई के लिए नहरों के दो गुरप बने हुए हैं। प्रत्येक ग्रुप के लिए 16 दिन नहरों में पानी छोड़ा जाता है। फतेहाबाद शहर में नहरों के माध्यम से ही पीने के पानी की सप्लाई होती है। हिमालय की पहाड़ियों में ग्लेशियर पिघलने से 20 मई से नंगल स्थित गोबिंद सागर डैम में पानी आना शुरू हो जाता है। जितना पानी जरूरत के लिए निकाला जाता है, उससे ज्यादा ग्लेशियर पिघलने से डैम में आ जाता है। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के अनुसार इस समय भाखड़ा डैम का जलस्तर 1561.44 फीट चल रही है जो हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व हिमाचल में सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त है। यहां से कुछ पानी पेयजल के लिए दिल्ली भी सप्लाई होता है। इस बीच बारिश भी शुरू हो जाती है, जिससे डैम में लगातार पानी का लेवल बढ़ने लगता है। मानसून के बाद यहां प्रतिदिन जलस्तर का लेवल लगातार बढ़ता रहता है।



**फतेहाबाद।** भाखड़ा मेन लाइन के बलियाला हैड से निकलती नहरें। फोटो: हरिभूमि

#### फतेहाबाद जिले की ए ग्रुप की 33 नहरों को 16 दिन 3621 क्यूसिक पानी मिलेगा

डैम में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के चलते प्रदेश में सिंचाई के लिए नहरों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। इनमें प्रत्येक ग्रुप को 16-16 दिन मिलता है। इससे पूर्व यहां पानी की किल्लत के चलते तीन ग्रुरप बना दिए गए थे। अब भीषण गर्मी में ग्लेशियर पिघलने से भाखड़ा डैम में पानी की उचित उपलब्धता है, जिस कारण नहरों में पानी 16 दिन मिल रहा है। बता दें कि यहां सिंचाई के लिए भाखड़ा मेन लाइन पटियाला से वाया मूनक, खनौरी होते हुए टोहाना के बलियाला हैड तक आती है। यहां से जिले की नहरों में पानी सप्लाई होता है। यहीं से भाखड़ा मेन ब्रांच, फतेहाबाद ब्रांच व फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूरी के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है, जिससे जिले में सिंचाई होती है। पिछले साल नहरों में पानी की कमी के चलते यहां नहरों के तीन ग्रुप बना दिए गए थे। अब बांध में पानी की मात्रा पर्याप्त होने से नहरों के दो ए और बी ग्रुरप बना दिए गए हैं। ग्रुप बी में 16 दिन के लिए पानी सप्लाई शुरू हो गई है। ग्रुप बी की 37 नहरों में 3515 क्यूसिक पानी की सप्लाई होगी। इसके बाद ग्रुप ए की नहरों में पानी सप्लाई शुरू होगी। फतेहाबाद जिले की ए ग्रुप की 33 नहरों में 16 दिन 3621 क्यूसिक पानी मिलेगा।

#### चार राज्यों को जाता है पानी

भाखड़ा डैम से पानी नंगल हाईडल चैनल से आता है। इसके बाद यहां से भाखड़ा मेन लाइन निकलती है। भाखड़ा मेन लाइन से पानी नरवाना ब्रांच नहर, दिल्ली व करनाल पहुंचता है। यहां से पानी हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में जाता है। औसत यहां से प्रतिदिन 17700 क्यूसिक पानी निकासी की डिमांड रहती है।

#### 20 मई से 20 सितंबर तक डैम में भरता है पानी

वर्ष 2022 में आज ही के दिन भाखड़ा नंगल डैम में 1558.25 फुट पानी था। वर्ष 2023 में इसी दिन यहां 1566-16 फुट पानी दर्ज हुआ था। इस साल आज डैम में 1561.44 फुट पानी है। इस डैम की पानी की क्षमता 1680 फुट है। 20 मई से गर्मी के कारण ग्लेशियर पिघलने शुरू होते हैं वहीं मानसून में बारिश के समय भी डैम में पानी आता रहता है। यह प्रक्रिया 20 सितम्बर तक जारी रहती है। 20 सितम्बर तक डैम फुल रहता है, तब कई डैम से पानी निकासी के लिए दरवाजे खोल दिए जाते हैं ताकि डैम को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो।

### निर्दलीय विधायक का कांग्रेस को समर्थन

# मंत्री पद नहीं, अनदेखी के कारण कांग्रेस के साथ जाने को मजबूर हुए विधायक गोंदर

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

नीलोखेड़ी से निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदर ने भाजपा से पलटकर अब कांग्रेस को समर्थन दे दिया है। कल दिनभर इस घटनाक्रम को लेकर हलचल मची रही लेकिन यह कोई हैरानी जनक पहलू नहीं था क्योंकि इसकी पटकथा 2 साल पहले हुए नपा चुनाव में लिखी जा चुकी थी केवल मौके का इंतजार किया जा रहा था और इससे बढ़िया मौका इन विधायक के पास और कोई नहीं था लोहा गरम था तो इन्होंने भी चोट मारने में देर नहीं लगाई। दरअसल इसके पीछे की कहानी कुछ अलग है मंत्री पद न मिलने के कारण विधायक धर्मपाल कांग्रेस के पहले में नहीं गए बल्कि भाजपा उन्हें लगातार नजरअंदाज कर रही थी इसी के चलते विधायक धर्मपाल ने 2 साल पहले हुए तरावड़ी नपा अध्यक्ष चुनाव में बगावती तेवर दिखा दिए थे जब इस चुनाव में उन्होंने भाजपा की उम्मीदवार को दरकिनार करते हुए कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को न केवल अपना समर्थन दिया बल्कि उसके साथ बाइक पर बैठकर रोड शो भी किया जिस दिन मतदान हो रहा था तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस में वर्करों की बैठक ले रहे थे उन्हें इस बात का फीडबैक भी दिया गया और बाकायदा सीएम ने विधायक धर्मपाल से इस बाबत बातचीत भी की लेकिन विधायक धर्मपाल ने परवाह किए बिना विपक्षी उम्मीदवार का खुलकर साथ दिया।



नपा चुनाव में लिखी गई थी पटकथा, सिर्फ मौके का था इंतजार

#### इसलिए हुए बगावती

19 जून 2022 को हुए नपा चुनाव में नीलोखड़ी विस क्षेत्र में अध्यक्ष पद के लिए जितने उम्मीदवारों को भाजपा ने मैदान में उतारा उनके लिए एक बार भी मौजूदा विधायक से राय नहीं ली गई उनका विश्वास में नहीं लिया गया यही से विधायक की नाराजगी का दौर शुरू हुआ इतना ही नहीं उसे दौरान राज्यसभा में वोटिंग थी विधायक ने अपनी शर्त के आगे निसिंग के उम्मीदवार को बदलने के लिए भाजपा को झुकने पर मजबूर कर दिया। यही संदेश उन्होंने तरावड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा को दे दिया।

### हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति की आगवानी करते राज्यपाल



**चंडीगढ़।** भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को टेक्निकल हवाई अड्डे, चंडीगढ़ से दिल्ली रवाना होते समय हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर विदा करते हुए। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# पेपर देने जा रहे दो छात्रों की दुघर्टना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेडा से मात्र एक किलोमीटर दूर दो नौजवान युवकों को डंपर ने सामने से जोरदार टक्कर मारी दी, एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरे की अस्पताल लाने के बाद ईलाज के दौरान मौत हो गई। विष्णु और योगेन्द्र दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुबह करीब दस बजे नूंह के लिए जा रहे थे। दोनों हरियाणा रोडवेज बस कंडेक्टर लाइसेंस की परीक्षा देने के लिए जा रहे थे। दिल्ली - अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग मांडीखेडा और जाटका-शीश वाना गांव के बीच दोनों शौचालय करने के लिए साइड में रुके हुए थे। अचानक बड़कली चौक की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी, मौके पर एक की मौत हो गई और दूसरे अस्पताल में इलाज के अंतिम सांस ली। मृतकों की पहचान विष्णु पुत्र विजय कुमार निवासी दोहा हालाबाद फिरोजपुर झिरका के वार्ड 5 में रहता था और दूसरे की पहचान योगेन्द्र पुत्र नेतराम निवासी अगोन के रूप में हुई है।



#### नूंह: एक ही परिवार के 9 स्कूली बच्चे हादसे का शिकार, सभी खतरे से बाहर

**नूंह।** नूंह के घासेड़ा गांव में बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे एक हादसे में 9 स्कूली बच्चे घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घासेड़ा गांव के एक ही परिवार के रहने वाले सभी बच्चे ऑटो में बैठकर गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने जा रहे थे। जब वे स्कूल के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार में चल रहे ऑटो ने रोड पर खड़े एक पानी के टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो में बैठे बच्चे घायल हो गए और ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे को देख मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों को घायल अवस्था में ऑटो से बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में इलाज के लिए पहुंचाया। घायलों में सलमान (10), आसमा (15), नाजरीन (12), साबरुन (11), फरान (10), रियाज (9), अफसा (10) और उसमान (10) इत्यादि शामिल हैं। हादसे की खबर के बाद इंडियन नेशनल लोकदल के गुरुग्राम लोकसभा से उम्मीदवार हाजी सोहराब खान व इनेलो नेता तैयब हुसैन घासेडिया मौके पर पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए कहा कि बहुत ही दुखद घटना है। एक ही परिवार के बच्चे ऑटो में सवार होकर स्कूल जा रहे थे।



## चंडीगढ़ में नए गृह सचिव के लिए हरियाणा से मांगा नए नामों का पैनल

- अभी तक आईएएस अधिकारी नितिन यादव पर जिम्मेदारी हरियाणा कैडर के अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में गृह सचिव नितिन कुमार यादव के स्थान पर नए गृह सचिव के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से नए नाम का पैनल मांग लिया है। खास बात यह है कि इस बारे में हरियाणा सरकार को पत्र लिखा गया है, नितिन कुमार यादव का कार्यकाल नवंबर 2024 में समाप्त होने जा रहा है लेकिन उनके नई दिल्ली में जॉइंट सेक्रेटरी पद पर जाने की अधिक संभावना है। उसके बाद में प्रशासन ने नए पैनल के लिए नाम मांगे गए हैं, नए नाम को लेकर हरियाणा सरकार भी तैयारी में जुट गई है। उधर, प्रशासन की ओर से पंजाब से डेपुटेशन पर नियुक्त वित्त सचिव के लिए लोकसभा चुनावों तक एक माह की एक्सटेंशन के लिए लिख भी दिया है। पंजाब कैडर की नगर निगम आयुक्त आनंदिति मित्रा को भी एक साल का एक्सटेंशन देने के लिए पंजाब सरकार को फिर से रिमाइंडर भेज दिया है।

## पिछले तीन वर्षों में कुल 792 बंदियों ने इग्नू की दूरस्थ शिक्षा को चुना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय(इग्नू), क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डा धर्म पाल ने बताया की इग्नू हरियाणा की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उनमे शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है जो कैदी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए जेलों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं अगर कोई बंदी जो स्नातक या किसी अन्य उच्च पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहा है तो जेल में उसके कार्यकाल के दौरान उसकी पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था इग्नू द्वारा निःशुल्क की जाती है। अंधेरे को शिक्षा की रोशनी से दूर करने प्रयास कर रहे हैं। अपराधियों के भविष्य को संवारने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के तहत शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उद्देश्य अपराधी जेल में बिताए समय का सदुपयोग कर सकें।

### डीजीपी की अध्यक्षता में अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## नए आपराधिक कानूनों को लेकर शॉर्ट टर्म कोर्सेज तैयार, अब तक 3200 मास्टर ट्रेनर हो चुके हैं तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 को प्रभावी तरीके से लागू करने के उद्देश्य से हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को तीन नए कानूनों में दिए गए प्रावधानों के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रेजेंटेशन में नए कानूनी प्रावधानों में किए गए बदलावों को बहुत ही सरल तरीके से परिभाषित किया गया था। इन तीन नए कानूनों को लेकर प्रदेश में अब तक 3200 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा चुके हैं। इसके अलावा, जिलों में अब तक 7236 अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इन तीनों नए कानूनों को लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा शॉर्ट टर्म कोर्सेज भी करवाए जा रहे हैं। जवानों को प्रशिक्षित करने के लिए 10-10 दिन का कोर्स डिजाइन किया गया है जबकि साक्ष्य अधिनियम-2023 को लेकर पुलिसकर्मियों को 5 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


### गुरुग्राम लोकसभा सीट | बीते लोकसभा चुनावों में दोनों पार्टियां सिमटी थीं 10 हजार में

# इनेलो कर रहा पुराने जनाधार की तलाश जेजेपी का वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयासरत

मेवात क्षेत्र में इनेलो की स्थिति पूर्व में रह चुकी काफी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर गत लोकसभा चुनावों की तरह इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होने आसार हैं। इसी बीच पुराने जनाधार की तलाश में इनेलो ने अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा हुआ है, तो जेजेपी भी वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए बॉलीवुड सिंगर को मैदान में उतार चुकी है। पिछले लोकसभा चुनावों में दोनों ही पार्टियां 10 हजार मतों के अंदर सिमट गई थीं। पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का मेवात क्षेत्र से खास लगाव रहा है। इनेलो पूर्व में इस क्षेत्र में विधानसभा चुनावों में मजबूत स्थिति में रह चुकी है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में इनेलो प्रत्याशी जाकिर हुसैन 3.70 लाख मतों के साथ भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देने में कामयाब रहे थे, जबकि कांग्रेस 1.34 लाख मतों के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गई थी। वर्ष 2019 के चुनावों से पहले इनेलो और जेजेपी का अलग होना इस लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के लिए घातक साबित हो चुका है। इस चुनाव में इनेलो ने विरेंद्र राणा और जेजेपी ने महमूद खान को मैदान में उतारा था। विरेंद्र राणा 9911 मतों पर सिमट गए थे, जबकि महमूद खान उससे भी कम 8993 मत ही हासिल कर पाए थे। दोनों ही दल न तो 10 हजार मतों का आंकड़ा छू पाए और न ही 1 फीसदी वोट हासिल कर सके थे। जेजेपी ने इस बार बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया को मैदान में उतारा है। पार्टी का प्रयास फाजिलपुरिया के सहारे इस सीट पर अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के पक्ष में खड़ा करना है। भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले की संभावनाओं के चलते पार्टी को एक बार फिर इस सीट पर निराशा का सामना करना पड़ सकता है।



राव इन्द्रजीत सिंह राजबब्बर

#### जाकिर के जाने से इनेलो भी खाली हाथ

इनेलो ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में जाकिर हुसैन को मैदान में उतारा था। जाकिर का मेवात क्षेत्र में अच्छा प्रभाव होने के कारण वह 3.70 लाख मतों के साथ भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को टक्कर देने में कामयाब रहे थे। जाकिर हुसैन का इस समय भाजपा में होना पार्टी प्रत्याशी के लिए नूंह क्षेत्र में वरदान साबित हो सकता है।

#### कांग्रेस को फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

गत लोकसभा चुनावों में नूंह के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव को एकतरफा जीत हासिल हुई थी। मेवात में अच्छे मार्जिन के कारण ही कैप्टन 4.95 लाख वोट हासिल करने में कामयाब हुए थे। इस बार मेवात में हालात बदले हुए नजर आ रहे हैं, परंतु कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को एक बार फिर इस क्षेत्र में बढ़त की उम्मीद है। इनेलो और जेजेपी दोनों ही किसी भी प्रत्याशी को बड़ा नुकसान पहुंचाने की स्थिति में फिलहाल नजर नहीं आ रही हैं।

### नूंह: लापता बच्चे का मिला शव

**नूंह।** नूंह शहर के वार्ड 1 स्थित हामिद कॉलोनी में रहने वाले तौफिक का 10 वर्षीय लड़का कासिफ उर्फ कासिम का शव लापता होने के 24 घंटे बाद बाजार के एक मकान के कमरे से संदिग्ध हालत में शव मिला है। लापता होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेते बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस मामले की हर पहलुओं पर ध्यान देते हुए बच्चे को तलाश करने में जुटी हुई थी। वहीं आखिरकार मंगलावर को गुम हुआ बच्चा बुधवार दोपहर के समय बाजार में स्थित एक दुकान से लाश के रूप में बरामद हुआ।



मृतक फाइल फोटो




**चरखी दादरी।** अनियंत्रित होने के बाद पोल से टकराई हुई बस। फोटो: हरिभूमि

### बस चालक हुआ बेहोश, रेहड़ियों व ई रिक्शा के उपर से गुजरी बस, लोगों ने भागकर बचाई जान

**चरखी दादरी।** दादरी में रोडवेज किलोमीटर स्कीम की चलती बस का चालक बेहोश हो गया। अनियंत्रित बस एक ई-रिक्शा व रेहड़ियों के उपर से होते हुए बिजली पोल से जा टकरा गई। पोल से टकराने के बाद बस रूक गई। बुधवार को हरियाणा रोडवेज किलोमीटर स्कीम की बस नारनौल से दादरी आ रही थी। बस शहर के लोहारू चौक से बस स्टैंड की तरफ चली तो अचानक चालक बेहोश हो गया और बस अनियंत्रित हो गई। इसके बाद बस ई-रिक्शा व रेहड़ियों के उपर से निकल गई और बिजली पोल से टकरा गई। सड़क के साथ खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। गनीमत रहे कि ई-रिक्शा में सवारियां नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक अचानक बेहाश हुआ और बस अनियंत्रित हुई। हादसे में चालक घालय हो गया, जिसको सामान्य अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद रोडवेज डिपो सेक्शन डयूटी अधिकारी नवरत्न घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि चालक बेहोश होने के कारण बस अनियंत्रित हुई है।

## खबर संक्षेप

### केनरा बैंक के लाभ में 18 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का बीते वित्त वर्ष (2023-24) की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बेंगलुरु के इस बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### नतीजों के बाद भारत फोर्ज का शेयर 16 फीसदी चढ़ा




**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा विनिर्माता भारत फोर्ज लिमिटेड के शेयर में बुधवार को 16 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी ने आज ही 31 मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे की घोषणा की है। चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत बढ़कर 227.12 करोड़ रुपये होने पर पहुंच गया है।

### टोयोटा का बीते वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ हुआ दोगुना



**टोक्यो।** टोयोटा का बीते वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ दोगुना हो गया। वाहनों की मजबूत बिक्री तथा अनुकूल विनिमय दर के दम पर जापान की शीर्ष वाहन विनिर्माता ने बेहतर प्रदर्शन किया। कंपनी ने बुधवार को जानकारी दी, टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन का वार्षिक मुनाफा 4900 अरब येन (31.9 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष के 2450 अरब येन से अधिक है।

## पालतू जानवरों का बाजार 14 फीसदी की दर से बढ़ रहा

# भारतीय पालतू पशु बीमा बाजार में तेजी से वृद्धि की संभावना: विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत में पालतू जानवरों की देखभाल का बाजार करीब 14 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2025 तक इसके 6,500 करोड़ रुपये के पार जाने की उम्मीद है। बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि बीमा कंपनियां पालतू जानवरों को गोद लेने की बढ़ती दर और इनकी सुरक्षा के लिए चिकित्सकीय उपचार की बढ़ती लागत को पूरा करने के लिए विशेष योजनाओं के साथ इस तेजी से विकसित हो रहे बाजार की जरूरतें पूरी करने की कोशिश कर रही हैं।


### जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्षों पहले अस्तित्व में आया

फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी रमित गोयल ने कहा, 'हालांकि भारत में पालतू जानवरों का बीमा उत्पाद कुछ वर्ष पहले ही अस्तित्व में आया लेकिन वैश्विक महामारी के बाद पिछले कुछ वर्षों में इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें पालतू जानवरों को गोद लेने में वृद्धि और इनके प्रति स्नेह के कारण ऐसी बीमा पेशकशों की मांग में वृद्धि हुई है।'

### वर्ष 2025 तक इसके 6500 करोड़ के पार जाने की उम्मीद

### भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पशु बाजार

भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते पालतू पशु बाजारों में से एक माना जाता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर करीब 14 प्रतिशत है। देश के पालतू पशु देखभाल बाजार के 2025 तक 80 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।



### बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) टी. ए. रामलिंगम ने कहा, 'पालतू जानवरों को अधिक गोद लेने और उन्हें परिवार का सदस्य समझना पालतू जानवर के बीमा के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा मांग को बढ़ावा दे रहा है..।'

- बीमा कंपनियां इस क्षेत्र में हिस्सेदारी लेने के लिए प्रयासरत
- गोद लेने व चिकित्सकीय उपचार की लागत पूरी होने की संभावनाएं

### कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं

गोयल ने कहा, 'आंकड़ों के अनुसार भारत में पालतू पशुओं खासकर कुत्तों के लिए बीमा कराने की काफी संभावनाएं हैं। यह वृद्धि पालतू जानवरों की देखभाल की जिम्मेदारियों तथा पशु चिकित्सा लागत में वृद्धि के बारे में बढ़ती जागरूकता की वजह से है। बीमाकर्ता इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए विशेष उत्पाद बना रहे हैं।'

### जागरूकता की काफी कमी

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस के निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी पार्थनील घोष ने कहा, पालतू जानवरों के बीमा की जरूरत और आपात स्थितियों में इस उत्पाद से मिलने वाले फायदों के बारे में जागरूकता की काफी कमी है।

### हर साल छह लाख पालतू जानवर गोद लिए जाते हैं

इस उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कंपनी की पहल में से एक थी...ऐप पर पालतू जानवरों के परिवेश तंत्र को समर्पित एक विकल्प देना...। बताया जाता है कि भारत में हर साल 6,00,000 पालतू जानवरों को गोद लिया जाता है, जिनमें से 63 प्रतिशत कुत्ते और 37 प्रतिशत बिल्लियां होती हैं।

## आईसीएफएआई निदेशक सुधाकर राव को "सीके प्रहलाद मार्केटिंग अवॉर्ड" प्राप्त हुआ एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित

**हैदराबाद।** सीके प्रहलाद चेयर फॉर मार्केटिंग अवार्ड़ सुधाकर राव, निदेशक, ब्रांडिंग आईसीएफएआई ग्रुप, हैदराबाद को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एमआईटी एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा गठित किया गया था, जिसे 3 मई 2024 को पुणे के विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक शानदार समारोह में उनके कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) सुनीता एम. कराड द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार प्रदान करते हुए प्रोफेसर डॉ. सुनीता एम.कराड ने कहा, "हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एमआईटी कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पुणे ने एमआईटी एडीटीयू चेयर की स्थापना की है, जो एक ऐसा मंच है जो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को मान्यता देता है और उनका आभार व्यक्त करता है। बिजनेस टाइटन्स, निर्णय निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के नवप्रवर्तक, प्रबंधन जिसमें मानव संसाधन, वित्त, विपणन, सिविल और निर्माण, मैकेनिकल आदि शामिल हैं। शैक्षणिक वर्ष, 2023-24 में पेश किए गए, एमआईटी एडीटीयू अध्यक्षों का उद्देश्य दिग्गजों, उद्योग और अकादमिक व्यक्तित्वों द्वारा किए गए प्रतिष्ठित कार्यों को



स्वीकार करना है, जिन्होंने संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है और संबंधित पुरस्कार धारक को उनके प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के लिए उन्हें पुरस्कार दिया है। यह संबंधित क्षेत्र में आगे की प्रेरणा के लिए छात्रों के बीच अच्छे काम को बहाल करने का भी काम करता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते समय सुधाकर राव ने कहा, 'मुझे वर्ष 2024 के लिए "मार्केटिंग के लिए सीके प्रहलाद चेयर अवार्ड' का प्राप्तकर्ता होने का वास्तव में सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## सेबी ने कर्मचारियों के प्रति नियम किए सख्त

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है। सेबी के अनुसार, यह कदम तब उठाया जा सकता है जब किसी कर्मचारी ने कथित तौर पर अनुचित उद्देश्य के लिए या भ्रष्ट तरीके से काम किया हो या भ्रष्ट इरादे से अपनी शक्तियों का प्रयोग किया हो। बाजार नियामक ने छह मई की अपनी अधिसूचना में कहा कि नयी व्यवस्था उन कर्मचारियों पर भी लागू होगी जिन्होंने इस्तीफा दे दिया है या सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

## सोना 150 रुपये और चांदी 300 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 150 रुपये की हानि के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये की गिरावट के साथ 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये कम है।'

## ज्यूपिटर वैगन्स का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली।** परिवहन समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड (जेडब्ल्यूएल) की मार्च तिमाही में आय बढ़ने से एकल आधार पर शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 104.22 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही गिरावट

- बैंक, आईटी शेयर में बिकवाली से सेंसेक्स 45 अंक टूटा
- एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख रहा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 45 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच निजी क्षेत्र के बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 45.46 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,466.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 437.93 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 22,302.50 अंक पर स्थिर रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'एशिया के अन्य बाजारों के रुख के अनुरूप तथा मतदान प्रतिशत कम होने से घरेलू बाजार में निवेशकों की धारणा कमजोर रही। कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम कमोबेश अनुमान के अनुरूप रहने के बावजूद, आय परिदृश्य नरम होता जान पड़ता है।' यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो तथा मारुति शामिल हैं।*

## हीरो मोटोकॉर्प के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड का 2023-24 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 16.7 प्रतिशत बढ़कर 943.46 करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 810.8 करोड़ रुपये रहा था। उसकी परिचालन आय 9,616.68 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 8,434.28 करोड़ रुपये थी। कंपनी के अनुसार, उसने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 13.92 लाख मोटरसाइकिल तथा स्कूटर बेचे, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में यह आंकड़ा 12.70 लाख इकाई था।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु

उत्तर रेलवे

**शुद्धि संख्या 1**

**खुली निविदा नोटिस संख्या 05/2024-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल. विधुत अभियंता/सामान्य/उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा टेंडर न. (i) 30-Elect/T-14/2024-25 (ii) 30-Elect/T-15/2024-25 & (iii) 30-Elect/T-16/2024-25 (निविदा नोटिस संख्या – 05/2024-25 दि. 03.05.2024) उपरोक्त खुली निविदाओं को खोलना प्रशासनिक तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है। 1393/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास पुत्र श्री राम चंदर, निवासी– वीपीओ, पुरकश, सोनीपत, हरिजनो की चौपाल, सोनीपत–131001 ने केस रजि. संख्या 5814/2019, धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **केस रजि. संख्या 5814/2019, धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सहलोथ**
महानगर दंडाधिकारी–03
कोर्ट नं0 213, (उत्तर)
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/5373/RD/2024 (Court Matter)**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, NARNAUL**

**नियम व शर्तें**

नगर परिषद नारनौल में शामिल किए गए गांवों (किरारोद अफगान, नसी. बपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, शाहपुर अव्वल, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2024–25 के लिए खुली बोली पर दिनांक 14.05.2024 को प्रातः 10.00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। नियम व शर्तें निम्न प्रकार है।

1. यह कि बोली मु. 10,000/- रूपये सिक्योरिटी से बोली के पूर्व नगर परिषद कार्यालय में जमा करनी होगी। तभी बोलीदाता बोली दे सकेगा। जिस व्यक्ति के नाम बोली नही छुटेगी उनकी सिक्योरिटी की राशि बोली के बाद वापिस कर दी जाएगी।
2. यह कि कोई भी नगर परिषद का बाकीदार बोली नही लगा सकता।
3. यह कि सरकार की हिदायत अनुसार कुल रकबा का 1/3 हिस्सा अनुसूचित जाति के लिए पट्टे पर छोडा जाएगा।
4. यह कि अन्य प्लाट सामान्य श्रेणी के लिए कोई भी बोलीदाता बोली दे सकेगा।
5. यह कि बोली की किसी भी शर्त को मौके पर प्रशासन नगर परिषद स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।
6. यह कि बोली की स्वीकृत अधिकतम राशि बोली स्वीकृत होने के पश्चात मौके पर नगर परिषद में जमा करनी होगी।
7. यह कि शर्त पूरी ना करने की सूरत में किसी भी बोलीदाता की सिक्योरिटी की राशि जब्त कर ली जाएगी।
8. कृषि योग्य भूमि की एक वर्ष यानी 2024–25 के लिए पट्टे के लिए आम सूचना के लिए मुनादी करा दी गई है तथा अखबार में भी विज्ञापन प्रकाशित करवा दिया गया है।
9. सभी टैक्स पट्टेदार को देने होंगे।
10. बिजली का बिल यदि किसी प्रकार का होगा तो पट्टेदार द्वारा भरा जाएगा।
11. प्रस्तावित कृषि भूमि पर पट्टेदार किसी प्रकार का निर्माण नही करेगा।
12. भूमि पर लगे सभी उपकरण इत्यादि यदि कोई हो तो चालू हालत में प्राप्त करेगा और चालू हालत में वापिस करेगा।
13. बाकि शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नारनौल

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Mohommad Sageer**
Additional Civil Judge (Senior Division), Meham
Case No. CS37/16/2020
CNR No. HRRHA-00001322020
Next Date : 29.05.2024

**Union Bank of India, Branch office at Village Samar Gopalpur Distt. Rohtak Through ist Branch Manager** Plaintiff

Versus

1. Ramchander S/o Sultan now deceased through Lrs. (i) Kamla widow, (ii) Pardeep son, (iii) Parveen son
2. Pardeep S/o Ramchander All Residents of Village Mokhra Keri Roz, Teh. Meham, Distt. Rohtak. Respondents

Suit for recovery of Rs. 11,82,320/- including interest calculated upto 25.6.2020 alongwith pendent lite and future interest @ 12.60% p.a. with half yearly rests by slae of mortgaged land, other properties and assests of the defendants.

Court fee paid 67,020/-

NOTICE TO:
Respondents- 1. Ramchander s/o Sultan now deceased through Lrs. (i) Kamla widow, (ii) Pardeep son, (iii) Parveen son all Residents of Village Mokhra Keri Roz,Teh. Meham, Distt. Rohtak.

In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.05.2024 at 10:00 a.m.**
For more details logon: https://districts.ecourts.gov.in/rohtak
Sd/- Mohommad Sageer Addl. Civil Judge (Sr. Div.), Meham
Dated, this day of 06.05.2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Varsha Sharma**
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
**MINOR DEEPANSHU SHARMA**
Vs.
**BOARD OF SCHOOL EDUCATION HARYANA, BHIWANI**
CNR No. HRSOA0-000150-2024
CASE/CIS No:-CS/114/2024
Next Date : 01.07.2024

It is prayed that a decree for declaration be passed in favour of the plaintiff and agaist the defendants to be declaraing the name of the plaintiff as Deepanshu Sharma in place of Deepanshu and also be declared his mother name as Radha Sharma in place of Radha in 10th and 12th class Marksheet and also in the record of defendants, in the interest of justice.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**GENERAL PUBLIC**
**GANAUR, TEH. GANAUR, DISTT. SONEPAT, HARYANA.**

In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **01.07.2024 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 07.05.2024

उत्तर रेलवे

**ई. निविदा**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–06/2024–25 दिनांक 07.05.024**


सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| क्र.सं. | 1 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–14/2024–25 (ओपन टेंडर) |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम: अम्बाला मंडल के सीनियर डीईएन–1/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट (यूएमबी) और धूलकोट (डीकेटी) में दोनों गुड्स शेडों के उन्नयन/आधुनिकीकरण और राजपुरा (आरपीजे) (कौली साइडिंग) में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 10289339.26 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 201500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |
| क्र.सं. | 2 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–15/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| कार्य का नाम: अम्बाला मंडल के कीरतपुर साहिब स्टेशन, मोरिंडा और कुराली स्टेशन और भरतगढ़ में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 7574868.86 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 151500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 04 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |
| क्र.सं. | 3 | निविदा संख्या | 30–विद्युत–16/2024–25 (ओपन टेंडर) |
| कार्य का नाम: अंबाला मंडल के एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के रेलवे स्टेशन अंबाला में अधिकारी विश्राम गृह में सुधार, सहारनपुर–अंबाला खंड पर मुस्तफाबाद स्टेशन पर मानक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म के साथ मौजूदा निम्न–स्तरीय प्लेटफॉर्म का उत्थान और विस्तार और एडीईएन/एसआरई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग इलेक्ट्रिक लोको शेड, सहारनपुर में रोलिंग स्टॉक रखरखाव सुविधा का उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य | | | |
| लगभग लागत (रू0) | Rs. 2275150.28 | बोली प्रतिभूति (रू0) | Rs. 45500.00 |
| पूर्ण होने की अवधि | 03 महीने | बंद करने और खोलने की तिथि | 29.05.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें/5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1389/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 5505



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5504 का हल



## सूडोकु नवताल- 5516

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5515 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# 'रिंकल्स अच्छे हैं' : कपड़ों पर इस्त्री न करने से कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने एक अनूठी पहल 'रिंकल्स अच्छे हैं' के तहत हर सोमवार को अपने कर्मचारियों को बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने के लिए कहा है जिससे कि करीब 1,25,000 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचा जा सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। हालांकि, सीएसआईआर ने स्पष्ट किया कि उसके मुख्यालय ने अपनी प्रयोगशालाओं को ऐसा कोई सुर्कलर या आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसमें कर्मचारियों को इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने से बचने को कहा गया हो। सीएसआईआर ने एक पोस्ट में कहा, '23 अप्रैल 2024 को पृथ्वी दिवस समारोह के दौरान आईआईटी-बंबई के प्रोफेसर चेतन सोलंकी ने सीएसआईआर-मुख्यालय में जलवायु घड़ी स्थापित करने के बाद अपने भाषण में ऐसे विचार साझा किए थे।' 'रिंकल्स अच्छे है' पहल का उद्देश्य हर किसी को ऊर्जा बचाने, पर्यावरण की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में याद दिलाना है। 'एनर्जी स्वराज मूवमेंट' के संस्थापक चेतन सिंह सोलंकी ने कहा, 'हम हर सोमवार को करीब 1,25,000 किग्रा. कार्बन उत्सर्जन कम कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के सबसे आसान समाधानों में से एक 'कुछ न करना' है।' 'हमारा 'रिंकल्स अच्छे हैं' (डब्ल्यूएएच/ वाह) अभियान जोर पकड़ रह है। इसमें हम लोगों से सोमवार को बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने के लिए कह रहे हैं।' उन्होंने कहा कि एक जोड़ी कपड़ा इस्त्री न करके हम 200 ग्राम तक कार्बन उत्सर्जन से बच सकते हैं। सोलंकी ने कहा, 'हम लाखों लोग एक जैसा करते हैं तो बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन से बचते हैं और यह चलन बन जाता है। अभी हर सोमवार को 6,25,000 लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। हम हर सोमवार को 1,25,000 किग्रा. कार्बन उत्सर्जन से बच रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इस वर्ष के अंत तक एक करोड़ लोग इस 'वाह' मंडे अभियान में शामिल होंगे।'

**MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR** नगरपालिका कलानौर

E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

## सार्वजनिक सूचना/मुनादी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए नोटिफिकेशन नं. 9/24/2022-4C-II दिनांक 15.07.2022 द्वारा The Haryana Municipal Advertisement Bye-Laws, 2022 की पॉलिसी बनाई गई है, जिसके तहत नगरपालिका कलानौर द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ पोर्टल पर विज्ञापन हेतु ई-निविदा आनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

| Sr. No. | Description | Start Date & Time | End Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Submission of EMD Amount | 15.05.2024 at 4:00 PM | 29.05.2024 till 5:00 PM |
| 2 | E- Auction Live (Online) | 30.05.2024 at 9:00 AM | 30.05.2024 at 5:00 PM |

विज्ञापन हेतु नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी, जो भी व्यक्ति विज्ञापन हेतु यूनिपोल एवं होर्डिंग की नीलामी में भाग लेने का इच्छुक हो, वह निश्चित तिथि व समय पर आनलाईन पोर्टल के माध्यम से मौके का लाभ उठाए।

हस्ता/- हस्ता/-
प्रशासक नगरपालिका कलानौर-कम- सचिव
उपमण्डल अधिकारी (ना०), रोहतक। नगरपालिका कलानौर

संवाद विज्ञा. सं. -1078/11/458/2025/26266/C/88/6 दि. 08.05.24

## गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

**नई दिल्ली (भाषा)।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा। गूगल वॉलेट विशेष रूप से गैर-भुगतान उपयोग मामलों के लिए तैयार किया है।' इस सेवा का मकसद एक ऐसा सॉफ्टवेयर बनाना है, जहां लेन देन आसान हो।

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/जेयूडीडब्ल्यू के तहत एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में जगाधरी वर्कशॉप के अंदर स्कल्प्चर पार्क के पीछे नई कार पार्किंग में 40 कारों और पुरानी कार पार्किंग में सीओई वेल्डिंग के पास 18 कारों के लिए खुला शेड। | 55,45,882 | 1,10,900 | 06 महीने | 31.05.2024 |
| 2 | सीनियर डीईएन-II/अंबाला के सेक्शन में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के द्वारा रेल की वेल्डिंग के साथ 25.396 का टीआरआर (एस) और 24.585 टीकेएम का सीटीआर (एस) और सीनियर डीईएन-II और III के अनुभाग में एमएफबीडब्ल्यूपी के द्वारा एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर लूप लाइन का रूपांतरण। | 2,77,59,818 | 2,88,800 | 12 महीने | 31.05.2024 |
| 3 | सहायक मंडल अभियंता/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू के अनुभाग में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन "ए" और "बी" के अधीन जेयूडीडब्ल्यू और केएलके में वर्कशॉप के अंदर सर्विस बिल्डिंग की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वॉशिंग और पेंटिंग। | 2,63,74,083 | 2,81,900 | 12 महीने | 31.05.2024 |
| 4 | सीनियर डीईएन-III/यूएमबी के अधीन एडीईएन/एसआरई के अनुभाग में बीसीएम के साथ ट्रैक की गहन स्क्रीनिंग के संबंध में विविध कार्य। | 98,79,595 | 1,97,600 | 08 महीने | 31.05.2024 |
| 5 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसआरई-यूएमबी अनुभाग पर टीटीआर (टीएसआर) – 18 सेट (1:12-8सेट और 1:8.5-10सेट)। | 41,57,753 | 83,200 | 08 महीने | 31.05.2024 |
| 6 | मंडल अभियंता/ट्रैक/यूएमबी के तहत अंबाला डिवीजन में टंग रेल, सी एम एस क्रॉसिंग, निर्मित क्रॉसिंग और एस ई जे की मरम्मत। | 45,41,265 | 90,800 | 12 महीने | 31.05.2024 |

**नोटः- 1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **खुली निविदा संख्याः 05-अम्बाला/2024-25 दिनांक 07/05/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1387/24

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
दूरभाष सं.-011-28524993, 28524995, 28520979, 28520966
वेबसाईट- www.sanskrit.nic.in

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

अधिसूचना संख्या- के.सं.वि./36014/विज्ञापन/योजना-/2024-25/01 दिनांक-05-05-2024

**''आदर्श योजना 2022'' के तहत वित्तीय सहायता एवं संस्कृत संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए**

**वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित संस्कृत के संवर्धन की केन्द्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा किया जा रहा है। तदनुसार, संस्कृत के संवर्धन हेतु निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं के तहत इच्छुक एन.जी.ओ. स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/प्रकाशक/वैयक्तिक/ छात्रों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैंः-

| क्रम संख्या | योजना का नाम | ऑनलाईन पंजीकरण आरम्भ तिथि | ऑनलाईन पंजीकरण अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | ''आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थान (ASSSs) -2022'' योजना के अंतर्गत संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने के लिए अधिसूचना CSU/Ad/Revised Scheme/2023-24/01 दिनांक 05.03.2024 के अनुसार सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1983 के तहत सोसायटी के रूप में पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों या ट्रस्ट अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्ट या कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत गैर-लाभकारी कंपनी जिसे इसके बाद ''मूल निकाय'' कहा जाएगा एवं संस्कृत महाविद्यालय या संस्कृत शोध संस्थान का रखरखाव करने वाली संस्थाओं को मान्यता देने के लिए ''आदर्श संस्कृत महाविद्यालय (ASMs) / आदर्श संस्कृत शोध संस्थान ((ASSSs) -2022 के खंड 6 के तहत विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जा रहे। | 10.05.2024 | 30.06.2024 |
| 2. | **संस्कृत शिक्षण-** पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों/चतुष्पाठी संस्थाओं में शिक्षण हेतु संस्कृत एवं आधुनिक विषय के शिक्षकों की व्यवस्था तथा आवासीय छात्रवृत्ति। | | |
| 3. | **सम्मान राशि-**अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों के लिए वार्षिक वृत्ति। | | |
| 4. | **संस्कृत संवर्धन कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ-** विभिन्न संस्कृत संवर्धन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता। | | |
| 5. | **संस्कृत पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण।** | | |
| 6. | **शास्त्र चूड़ामणि -** संस्कृत शास्त्र के शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों की अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता। | | |
| 7. | **व्यावसायिक प्रशिक्षण-** पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को प्रशिक्षण। | | |
| 8. | **छात्रवृत्ति -** पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से 9वीं कक्षा से पीएच.डी. तक संस्कृत/ पालि/प्राकृत भाषा को अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति। | 10.05.2024 | 15.09.2024 |

**वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करते समय इच्छुक आवेदक कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखें :-**

i) उपर्युक्त सभी योजनाओं के अन्तर्गत आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही (online mode only) स्वीकार्य है। अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्र अस्वीकार्य हैं।
ii) उपर्युक्त योजनाओं के दिशानिर्देशों के अनुसार, इच्छुक आवेदक के द्वारा प्रकाशनसामग्री/पुस्तक/आवश्यक दस्तावेजों आदि की प्रति तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति विधिवत प्रमाणित कर जमा करना आवश्यक है। आवेदन पत्र और अनुलग्नकों के सभी पृष्ठों पर आवेदक द्वारा स्याही से हस्ताक्षर और स्व-सत्यापित होना चाहिए।
iii) पूर्ण रूप से भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पंजीकरण की अंतिम तिथि से 20 दिनों के अंदर योजना का नाम लिफाफे के शीर्ष पर लिखकर पंजीकृत डाक द्वारा ''कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना आवश्यक है।
(iv) आवेदन पत्र भरने से पूर्व यह सलाह दी जाती है कि प्रत्येक योजना के दिशानिर्देशों को अवश्य पढ़ें।
v) प्रत्येक योजना के दिशानिर्देश, आवश्यक दस्तावेज, मानदेय राशि, ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र को अग्रसारित करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.sanskrit.nic.in/schemes पर अवलोकन करें।
vi) उपरोक्त क्रम संख्या 2 से 8 तक प्रत्येक योजना के लिए विगत वर्षों में अनुदानग्राही संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष पृथक रूप से ऑनलाईन आवेदन जमा करना अनिवार्य है, स्वतः नवीनीकरण नहीं किया जावेगा।
vii) अनुदान/मान्यता हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति प्रत्येक वर्ष धन की उपलब्धता एवं सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सहायता हेतु प्रतिवर्ष अलग से आवेदन करना अनिवार्य हैं।
viii) योजना से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण या संदेह के मामले में आवेदक उपरिलिखित दूरभाष या पत्र व्यवहार संकेत अथवा ई-मेल help.schemes@csu.co.in के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-
CBC 21212/12/0002/2425 कुलसचिव प्र.

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 181 दिनांक 02.05.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - पूजा
**पिता/पति का नाम** - पुत्री रामकुंवार
**पता**- गांव भैणी भैरो जिला रोहतक।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - तोतिया रंग का सूट सलवार व पैरों में गुलाबी जूती पहने हुए।

दिनांक 02.05.24 को पूजा पुत्री रामकुंवार निवासी गांव भैणी भैरो जिला रोहतक थाना महम अपने बेटे प्रिंस उम्र 6 साल को लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9467793994

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 182 दिनांक 02.05.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - ज्योति उर्फ सविता
**पिता/पति का नाम** – पत्नी प्रवीन
**पता** - गांव बहलम्बा जिला रोहतक ।
**उम्र**- 27 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, शिक्षा 8 वीं पास ।
**पहनावा** - गुलाबी रंग का सूट सलवार व पैरों में बाटा की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 02.05.24 को ज्योति उर्फ सविता पत्नी प्रवीन निवासी गांव बहलम्बा जिला रोहतक थाना महम रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9671440235

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 143 दिनांक 02.05.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - रागनी
**पिता/पति का नाम**- पुत्री मूलचंद
**पता**- सैक्टर 4 जिला रोहतक ।
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में सफेद रंग की जूती पहने हुए है।

दिनांक 02.05.24 को रागनी पुत्री मूलचंद निवासी सैक्टर 4 जिला रोहतक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9991414246

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 145 दिनांक 02.05.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - दीक्षा
**पिता/पति का नाम** – पुत्री रविन्द्र
**पता** - 821 सैक्टर 4 जिला रोहतक।
**उम्र** - 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुआं, गोल चेहरा, पतला शरीर, काले बाल आंखों पर चश्मा शिक्षा बी.ए प्रथम वर्ष
**पहनावा** - गुलाबी टी-शर्ट व काला पजामा व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 02.05.24 को दीक्षा पुत्री रविन्द्र निवासी 821 सैक्टर 4 जिला रोहतक थाना अर्बन एस्टेट बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9416859076

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 302 दिनांक 03.05.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - हर्ष
**पिता/पति का नाम** – पुत्र
**पता** - शिव कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुआं, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, काले बाल
**पहनावा** - लाल रंग की टी-शर्ट, नीली जीन्स व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 03.05.24 को हर्ष निवासी शिव कालोनी जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9728979199

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 303 दिनांक 03.05.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** -रितू
**पिता/पति का नाम** – पत्नी शंकर
**पता**- हिसार रोड अम्बेडकर नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 27 वर्ष
**कद**- 4 फुट 6 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, काले बाल
**पहनावा**- नहीं पता है।

दिनांक 03.05.24 को रितू हर्ष पत्नी शंकर निवासी हिसार रोड अम्बेडकर नगर जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 99991786723

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 147 दिनांक 04.05.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - विध्यावति
**पिता/पति का नाम** - पत्नी अमित
**पता** - हुसेपुर जिला हरदोई उतर प्रदेश हाल किराएदार राम गोपाल कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 30 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काली आंखे काले बाल।
**पहनावा**- गुलाबी रंग का सूट सलवार का दुप्पटा व पैरो में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 04.05.24 को विध्यावति पत्नी अमित निवासी हुसेपुर जिला हरदोई उतर प्रदेश हाल किराएदार राम गोपाल कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 8295984443

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 170 दिनांक 05.05.24 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सुमित
**पिता/पति का नाम** – पुत्री श्योपाल
**पता** - वार्ड न. 1 कलानौर जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काली आंखे काले बाल ।
**पहनावा** - हरे रंग की टी शर्ट, नीले रंग की जीन्स व पैरो में काले रंग की जूती पहने हुए है।

दिनांक 05.05.24 को सुमित पुत्री श्योपाल वार्ड न. 1 कलानौर जिला रोहतक थाना कलानौर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 7015911371

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 122 दिनांक 05.05.24 धारा 365 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एम. जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - रिया
**पिता/पति का नाम** – पुत्री मोनू
**पता**- गांधी कैम्प रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**- 16 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काली आंखे काले बाल। चेहरे पर डिम्पल पड़ते है।
**पहनावा** - कबूतरी रंग का टोप, नीले रंग की जीन्स व पैरों में काले व हरे रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 05.05.24 को रिया पुत्री मोनू निवासी गांधी कैम्प रोहतक जिला रोहतक थाना पी.जी.आई.एम.एम. जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एम. रोहतक - 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एम. रोहतक- 9416481802

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 306 दिनांक 05.05.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - संतोष कुमार
**पिता/पति का नाम** -
**पता** - कुताना बस्ती हिसार रोड रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**- 27 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, काले बाल
**पहनावा** - काली रंग की टी शर्ट, काली लोवर व ग्रे रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 05.05.24 को संतोष कुमार निवासी कुताना बस्ती हिसार रोड रोहतक जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 8168047939

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 146 दिनांक 05.05.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - प्रदीप
**पिता/पति का नाम** –
**पता** - गांव भैंसरु कला जिला रोहतक।
**उम्र**- 31 वर्ष
**कद**- 5 फुट 10 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल
**पहनावा** - नीले रंग की टी शर्ट, खाखी पैन्ट पहने हुए है।

दिनांक 05.05.24 को प्रदीप निवासी गांव भैंसरु कला जिला रोहतक थाना सांपला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8168447546

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 82 दिनांक 05.05.24 धारा 365 IPC थाना लाखनमाजरा जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - तमन्ना, पावनी व चेतन
**पिता/पति का नाम** - पुत्रियां प्रदीप
**पता**- लाखनमाजरा जिला रोहतक।
**उम्र**- 15 वर्ष, 14 वर्ष व 11 वर्ष
**कद**-5 फुट 5 इंच, 5 फुट 2 इंच व 4 फुट 8 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे ।
**पहनावा** - तीनों ही स्कूल ड्रेस पहने हुए है।

दिनांक 06.05.24 को तमन्ना, पावनी व चेतन पुत्रियां प्रदीप निवासिया लाखनमाजरा जिला रोहतक जो स्कूल में गई थी जो अभी तक घर नही पहुंची है जिसके सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना लाखनमाजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखनमाजरा रोहतक- 9466231014

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 360 दिनांक 19.08.23 धारा 365 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सिमरण उर्फ खुशी
**पिता/पति का नाम** – पुत्री दिनेश नाथ
**पता** - गांव टीकापुर जिला कैलाली (नेपाल) हाल किराएदार सैनीपुरा रोहतक ।
**उम्र**- 13 वर्ष
**कद**- 4 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे
**पहनावा** - सफेद टी शर्ट व जीन्स की पैन्ट व पैरों में हरे रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 19.08.2023 को सिमरण उर्फ खुशी पुत्री दिनेश नाथ गांव टीकापुर जिला कैलाली (नेपाल) हाल किराएदार सैनीपुरा रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 8059396100

पीआरडीएच-1084/11/2334/2025/26262/88/6 दि. 08.05.24

# राष्ट्रहित में देश में तैयार की गई सामग्री को दिया जाएगा बढ़ावा

# आईसीजी और जेएसपी के बीच एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर



**जहाज निर्माण में बनेगा भारत आत्मनिर्भर**

*भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उप महानिदेशक (सामग्री एवं रखरखाव) आईजी भारतीय तटरक्षक बल एचके शर्मा और जिंदल स्टील एंड पावर मुख्य विपणन अधिकारी एसके प्रधान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा दे रही है। इसी के तहत आईसीजी और जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने जहाज निर्माण में देश के भीतर तैयार की गई सामग्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की आपूर्ति के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। ये दोनों संस्थाएं इस साझेदारी के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने व राष्ट्र के हित में इन वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**1** स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की होगी आपूर्ति

**2** वस्तुओं के उत्पादन तथा उपयोग को मिलेगा बढ़ावा

**3** गुणवत्तायुक्त, श्रेणीकृत उत्पादों का निर्माण होगा

**सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा**

*यह समझौता ज्ञापन जटिल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है और साथ ही सरकारी एजेंसियों एवं निजी क्षेत्र के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल देता है। इस समझौता ज्ञापन में भारतीय तटरक्षक हेतु स्वदेशी समुद्री वर्गीकृत इस्पात की समय पर आपूर्ति के उद्देश्य से जहाज निर्माण यार्डों को आश्वासन देते हुए उत्पाद के निर्माण के लिए नामित इस्पात संयंत्रों के साथ-साथ गुणवत्ता, श्रेणी उत्पादों एवं सेवाओं सहित कई प्रमुख लाभ तय किए गए हैं।*

## भारत-सिंगापुर के बीच शुरू होगा समुद्री अभ्यास

भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना संचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए संयुक्त समुद्री अभ्यास करेंगी ताकि परिचालन को बेहतर समझा जा सके। चांगी नौसेना बेस पर आयोजित आईएनएस शक्ति पर फ्लैग आफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट रीड एडमिरल राजेश धनखड़ ने यह बात कही। कार्यक्रम में सिंगापुर के लगभग 150 लोग, राजनयिक मिशन के प्रमुख और भारतीय प्रवासी आदि मौजूद रहे। राजेश धनखड़ ने कहा कि भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं भारत-सिंगापुर के 31वें संस्करण को आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास इस वर्ष की चौथी तिमाही में इसी साल विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि हम अपनी परिचालन क्षमता और परिचालन को समझने और बढ़ाने का प्रयास करेंगे। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त, डॉ. शिल्पक अंबुले ने क्षेत्र में सिंगापुर में भारतीय नौसेना की भागीदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इसने एक बाहरी प्रक्षेपवक्र देखा है।



## चारधाम यात्रा के लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन

# उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब पुलिस को संभालना पड़ा मोर्चा

एजेंसी ⏭ हरिद्वार

चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन बुधवार से शुरू हो गए हैं।

ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन खुलने के पहले दिन ही उत्तराखंड के प्रवेश द्वार हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा. 10 तारीख से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा के लिए बुधवार से काउंटर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। हरिद्वार के पर्यटन कार्यालय परिसर में की गई व्यवस्थाएं पहले दिन नाकाफी नजर आईं। रजिस्ट्रेशन के पहले दिन यहां



यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रजिस्ट्रेशन की रफ्तार धीमी होने से यात्रियों में काफी नाराजगी देखी गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती भी की गई। यात्रियों का कहना है कि उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। हरिद्वार पहुंचने पर उन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में पता चला। सुबह 5 बजे से लोग कतारें लगाकर यहां पर खड़े हुए हैं।

## इमरान के साथ अडियाला जेल में रहेंगी बुशरा





**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को बड़ी कानूनी जीत मिली है। देश के एक उच्च न्यायालय ने आदेश जारी कर कहा कि बुशरा को अडियाला जेल स्थानांतरित किया जाए, जहां इमरान खान सजा काट रहे हैं। दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी को इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान की हवेली बनिगाला में ही कैद कर दिया गया था, जबकि 71 वर्षीय खान को रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस-वकीलों में झड़प

**लाहौर (भाषा)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक अदालत के बाहर बुधवार को पुलिस और वकीलों के बीच हुई हिंसक झड़प में 25 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने 50 वकीलों को गिरफ्तार कर लिया और इसके खिलाफ बार काउंसिल ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। इमरान की पार्टी से जुड़े वकीलों के खिलाफ आतंकवाद के मामले दर्ज करने और अधीनस्थ अदालत को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के मुद्दे पर लाहौर उच्च न्यायालय के बाहर वकीलों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

# भारत की आबादी में 6 प्रतिशत घट गए हिंदू, मुस्लिमों की बढ़ी संख्या

■ पैनल ने की 65 साल की स्टडी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत में 1950 से 2015 तक 65 सालों के अंतराल में बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में देश की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी में 6 पर्सेंट की गिरावट आ गई। यही नहीं पाक, बांग्लादेश जैसे दूसरे देशों की तुलना करें तो वहां बहुसंख्यक मुस्लिमों की आबादी में हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। स्टडी के अनुसार एक तरफ भारत में हिंदुओं की हिस्सेदारी घट गई है तो वहीं अल्पसंख्यक मुस्लिमों ईसाई, बौद्ध और सिखों की आबादी में इजाफा हुआ। हिंदुओं के अलावा जैन व पारसियों की भी आबादी में हिस्सेदारी इस अवधि में घटी है।

## खबर संक्षेप

### एचडी रेवन्ना को 14 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोप का सामना कर रहे कर्नाटक जद(एस) विधायक और पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को बुधवार को बेंगलुरु की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी जमानत याचिका गुरुवार के लिए पोस्ट की गई है। उनकी गिरफ्तारी तीन बच्चों की मां एक महिला के अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाने से संबंधित मामले में हुई है।

### शहरों के नाम बदले, कोर्ट -नाम में क्या रखा है?



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? कोर्ट ने यह टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने का फैसला लिया है। इसके खिलाफ कई याचिकाएं दी गई हैं। सभी को खारिज करने के साथ कोर्ट ने कहा कि नाम में क्या रखा है?

## झारखंड में मिला था 'नोटों का पहाड़'

# लाल को 'मंत्रालय' ले जाकर मारा छापा, भारी कैश बरामद




एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में इस वक्त प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में छापेमारी की, इस दौरान भारी कैश बरामद हुआ है। अभी इसकी पुष्टि नहीं की गई है। यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गिरफ्तार आरोपी संजीव लाल को प्रोजेक्ट भवन लेकर पहुंची है जहां ग्रामीण विकास मंत्रालय है और रेड कर रही है। इतना ही नहीं ईडी की टीम को संजीव लाल के दफ्तर से भी कैश मिला है। आरोपी संजीव लाल झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गीर का निजी सचिव है। 2 दिन पहले भी 6 ठिकानों पर कार्रवाई कर चुकी है। उस कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय को 35 करोड़ से अधिक रुपए मिले थे।

### इसके पहले भी ईडी ने की यहां छापेमारी

ईडी ने ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर विरेंद्र के. राम को फरवरी 2023 में एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग और अनियमितताओं के कुछ आरोप थे। उसी मामले में ईडी की टीम ने विरेंद्र के. राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके अलावा झारखंड सरकार के मंत्री आलम गीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी। आरोपी संजीव लाल के नौकर के घर पर हुई छापेमारी में ईडी को बड़ी रकम बरामद हुई थी। उसके रेड के बाद अब ईडी की टीम ग्रामीण विकास मंत्रालय में रेड कर रही है।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच चर्चा

# सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ संबंध बनाने पर बनी सहमति



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) विश्वेश नेगी और यूरोपीय बाहरी कार्रवाई सेवा (ईईएएस) में सुरक्षा और रक्षा नीति निदेशक सुश्री जोआनके बालफोर्ट की सह-अध्यक्षता में बैठक ने एक नए युग की शुरुआत की। दूसरी उच्च-स्तरीय परामर्श बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आपसी हित के सुरक्षा और रक्षा-संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर रचनात्मक बातचीत की और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया गया। बैठक में भारत-यूरोपीय संघ सुरक्षा और रक्षा परामर्श के बाद से प्राप्त प्रगति की समीक्षा करने और भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति बनी।

### रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी

*जोआनके बालफोर्ट ने सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में नियमित बातचीत और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।*

### रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा

दोनों ने इंडो-पैसिफिक में अधिक सहयोग, भारत-ईयू के बीच बेहतर तालमेल के रास्ते और रक्षा उद्योग सहयोग के बारे में भी चर्चा की। यूरोपीय संघ ने यूरोपीय रक्षा औद्योगिक रणनीति सहित यूरोपीय संघ के रणनीतिक और इंडो-पैसिफिक रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के नए संचालन, जैसे कि ईयूएनएवीफोर एस्पिड्स के कार्यान्वयन की

## लाल रंग की रोशनी से सराबोर इंडिया गेट



**विश्व थैलेसिमिया दिवस** *विश्व थैलेसिमिया दिवस के अवसर पर आमजन को थैलेसिमिया बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए नई दिल्ली में इंडिया गेट को लाल रंग की रोशनी से सराबोर किया गया। शाम को इसे देखने बड़ी संख्या में दिल्लीवासी पहुंचे।*

180 भारतीयों को वापस लाने की कोशिश तेज

# भारतीयों को रूस-यूक्रेन जंग में भेजने वाले चार आरोपी गिरफ्तार




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीयों को धोखे से रूस-यूक्रेन जंग में भेजने के मामले में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन लोग भारत के हैं, जबकि एक रूस के रक्षा मंत्रालय में काम करने वाला ट्रांसलेटर है। इन्हें 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है।

### दुबई से रूस तक फैला नेटवर्क

*सीबीआई ने बताया कि रूसी ट्रांसलेटर इस नेटवर्क का अहम हिस्सा था। वह भारतीयों को रूसी आर्मी में भर्ती करने का काम करता था। वहीं एंथनी दुबई में फैजल बाबा और रूस में मौजूद अपने दूसरे साथियों के साथ मिलकर भारतीयों के लिए वीजा और प्लेन टिकट करवाने का काम करता था। अरुण और येसूदास लोकल एजेंट्स थे। वे लोगों को रूस में नौकरी और सैलरी का झांसा देते थे। उन्होंने कुछ प्राइवेट वीजा कंसल्टेंसी फर्म और एजेंट्स के खिलाफ मानव तस्करी के मामले में केस दर्ज किया है।*

JINDAL STEEL & POWER

**जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड**

(CIN: L27105HR1979PLC009913)

पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)
Website: www.jindalsteelpower.com | Email: jsplinfo@jindalsteel.com | Tel.: +91 124 6612000

jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

**डाक मतदान और दूरस्थ ई-वोटिंग की सूचना**

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, (कोई वैधानिक संशोधन (नों) अथवा समय-समय पर लागू उनके पुनः कार्यान्वयन (नों) समेत) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 110, 108 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सचिवालयी मानकों-2, भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 ("लिस्टिंग रेगुलेशंस"), कम्पनी मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और अन्य सम्बद्ध सरकुलर्स, समेत सामान्य सरकुलर नं. 9/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 ("एमसीए सरकुलर्स") के अनुसरण में एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि डाक मतदान की सूचना दिनांक 28 मार्च 2024 में वर्णित अनुसार प्रस्तावों को डाक मतदान द्वारा, केवल दूरस्थ ई-वोटिंग ("ई-वोटिंग") प्रक्रिया द्वारा जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के सदस्यों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित किया जाता है।

सदस्यों की सहमति अथवा असहमति का संचार केवल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

कम्पनी के सभी शेयरधारकों, जिनके नाम *शुक्रवार, 03 मई 2024 ("कट-ऑफ तिथि")* के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर / डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज हैं, शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं, को ई-मेल्स के माध्यम से व्याख्यात्मक विवरण सहित डाक मतदान सूचना का प्रेषण कम्पनी ने *बुधवार, 08 मई 2024* को पूर्ण कर लिया है।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट (एस) (www.jindalsteelpower.com), स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com), नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और ई-वोटिंग एजेंसी अर्थात सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) (www.evotingindia.com) पर भी उपलब्ध है और डाउनलोड की जा सकती है।

कोई व्यक्ति, जो "कट-ऑफ तिथि" के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानना चाहिए।

डिमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य, जो अपने ई-मेल पते अपने डीपी के पास पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि सम्बद्ध डीपी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकरण / अद्यतन करवाएं। भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्य जो कम्पनी के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत / अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि नाम, फोलियो नं., पिन कोड सहित पता, सम्पर्क नं., सहित पैन कार्ड और पता प्रमाण (आधार कार्ड / वोटर आईडी कार्ड / पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित प्रति वर्णित करते हुये हस्ताक्षरित आग्रह पत्र सहित कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") को ramap@alankit.com पर लिख कर इसका पंजीकरण / अद्यतन करवाएं।

कम्पनी ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिये सीडीएसएल की सेवाएं ले चुकी है। ई-वोटिंग अवधि ***शुक्रवार, 10 मई, 2024 को (पूर्वा. 9.00 बजे) (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और शनिवार, 08 जून 2024 को (अप. 5.00 बजे) (आईएसटी) समाप्त होगी।*** ई-वोटिंग मॉड्यूल इसके पश्चात वोटिंग हेतु सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और ई-वोटिंग की अनुमति उक्त तिथि व समय के पश्चात नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, केवल कट-ऑफ तिथि अर्थात *शुक्रवार, 03 मई 2024* के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले कम्पनी के सदस्य ही ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

कम्पनी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में मै. नवनीत के. अरोड़ा एंड कं., एलएलपी, कम्पनी सेक्रेटरीज के श्री नवनीत अरोड़ा, (सीओपी नं. 3005) को नियुक्त कर चुकी है।

संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित डाक मतदान द्वारा वोटिंग का परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर www.jindalsteelpower.com पर, स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड की www.bseindia.com पर और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.nseindia.com पर उपलब्ध होगा।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के सम्बन्ध में आपके कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं तो आप श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर पैरेल (ईस्ट), मुम्बई-400013 को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल भेज सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800225533 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड
अनूप सिंह जुनेजा
कम्पनी सचिव
एफसीएस 6383

दिनांक : 08 मई 2024
स्थान : गुरुग्राम

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। **नीलामी केटलॉग सं. : UMB-01-Mix-2024**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | रेट यूनिट | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-PTA-WVM-16-23-2 (Misc-Static Services-01Water Vending Machine पटियाला रेलवे स्टेशन पर) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:00 बजे |
| 2 | MSS-UMB-YJUD-WVM-13-23-2 (Misc-Static Services-01 Water Vending Machine यमुनानगर जगधारी रेलवे स्टेशन पर) | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:10 बजे |
| 3 | MPS-UMB-KLK-MPS-4-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) कालका रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर 2 एवं 3 के शुरुआत में आयाम 3.048 मी x 1.82 मी के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:20 बजे |
| 4 | MPS-UMB-KEJ-MPS-5-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) कथलीघाट रेलवे स्टेशन के गेट के सामने परिसंचारी क्षेत्र में 10'x6' आयाम के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:30 बजे |
| 5 | MPS-UMB-ABS-MPS-3-23-1 (एमपीएस–बहुउद्देश्यीय स्टाल) अबोहर रेलवे स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 (पार्सल कार्यालय के सामने) में आयाम 10'x6' के एमपीएस के संचालन के लिए स्थान | | 15.05.2024 को 10:30 बजे | 15.05.2024 को 11:40 बजे |
| **नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-02-24** | | | | |
| 6 | Catg-UMB-JPS-GMU-34-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 जमालपुर शेखा रेलवे स्टेशन पर | वार्षिक लाइसेंस फीस | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:30 बजे |
| 7 | Catg-UMB-SHZ-GMU-23-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल श्रेणी के लिए circulating एरिया में समरहिल रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:40 बजे |
| 8 | Catg-UMB-SML-GMU-24-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 शिमला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 10:50 बजे |
| 9 | Catg-UMB-JUDW-GMU-35-23-1 (खान पान –जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 2 जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:00 बजे |
| 10 | Catg-UMB-SFMU-SMU-32-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 सुनाम बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:10 बजे |
| 11 | Catg-UMB-SOL-SMU-20-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए Circulating एरिया सोलन रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:20 बजे |
| 12 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति महिला श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:30 बजे |
| 13 | Catg-UMB-KRLI-SMU-38-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 कुराली रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:40 बजे |
| 14 | Catg-UMB-PUL-SMU-9-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 11:50 बजे |
| 15 | Catg-UMB-MOT-SMU-13-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट) (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 मलोट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:00 बजे |
| 16 | Catg-UMB-BCU-SMU-10-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति के लिए प्लेटफार्म न. 1 भुचो रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:10 बजे |
| 17 | Catg-UMB-DKT-SMU-14-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 धूलकोट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:20 बजे |
| 18 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:30 बजे |
| 19 | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (महिला) के लिए स्टाल न. 14 प्लेटफार्म न. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:40 बजे |
| 20 | Catg-UMB-SOL-SMU-56-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए स्टाल न. 1 प्लेटफार्म न. 1 सोलन रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 12:50 बजे |
| 21 | Catg-UMB-GDB-SMU-11-23-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 13:00 बजे |
| 22 | Catg-UMB-BOF-SMU-61-24-1 (खान पान –स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफार्म न. 2 बरोग रेलवे स्टेशन पर | | 20.05.2024 को 10:00 बजे | 20.05.2024 को 13:10 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। **1380/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# डोर्टमंड ने चैंपियंस लीग फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| पेरिस

मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरुसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा। डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियंस लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे।

# सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल





**मार्सेली।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की गई। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्जवलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम ने करतब दिखाईगी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### माराडोना की गोल्डन बॉल ट्रॉफी होगी नीलाम

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की।

### 25 मई को हर साल मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था।




### सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की।

## हैदराबाद ने लखनऊ को 10 विकेट से हराया, 58 बॉल में 167 रन बनाए

# हेड-शर्मा के बल्लों से आतिशबाजी के दम पर हैदराबाद की लखनऊ पर नवाबी जीत



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की आक्रामक पारियों के दम पर सनराइजर्स ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9. 4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये हासिल कर लिया। हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है । वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है। इसके साथ ही पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है। हेड और शर्मा ने पावरप्ले में 107 रन बनाये । उन्होंने लखनऊ के एक भी गेंदबाज को नहीं बख्शा और कृष्णप्पा गौतम जैसे स्पिनर से गेंदबाजी की शुरूआत कराने का लखनऊ का दाव भी उल्टा पड़ा। इससे पहले आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिये 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरूआत खराब रही और 11.2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाये। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 55 गेंद में 99 रन जोड़े। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था। चोटिल मोहसिन खान की जगह खेल रहे क्विंटोन डिकॉक कोई कमाल नहीं कर सके और भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे।

**लखनऊ-165/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| राहुल का नटराजन बो कमिंस | 29 |
| डिकॉक का रेड्डी बो भुवनेश्वर | 2 |
| मार्कस का सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 24 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 48 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 |

अतिरिक्त : चार रन
कुल योग : 20 ओवर में चार विकेट पर 165 रन
विकेट पतन : 1-13, 2-21, 3-57, 4-66
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, अहमद 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0

**हैदराबाद-167/0 (9.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 |

अतिरिक्त : तीन रन
कुल योग : 9.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 167 रन
गेंदबाजी : गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0



### आज 'जीत का चौका' मारने उतरेगी बेंगलोर किंग्स देंगे चुनौती

**धर्मशाला।** आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी।

शर्मनाक रिकार्ड

# 12 रन पर मंगोलियन टीम आउट, दूसरा न्यूनतम स्कोर



एजेंसी ▶▶| सानो

एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी।

जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था।



### टी20 : बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

**सिलहट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी।



टूर्नामेंट सिर्फ तीन महीने दूर

# ओलंपिक में डेब्यू करने 'एनर्जी सेविंग मोड' में चल रही निकहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन अपने ओलंपिक पदार्पण से महज तीन महीने दूर हैं और इसकी तैयारी के लिए वह अब 'एनर्जी सेविंग मोड' में आ चुकी हैं।

'एनर्जी सेविंग मोड' (ऊर्जा बचाते हुए खुद को तरोताजा रखने के लिए) के अंतर्गत वह सोशल मीडिया से दूर हो चुकी हैं, ज्यादातर अकेला रहना पसंद कर रही हैं, कभी कभी मिठाई खाने से भी परहेज नहीं कर रहीं और नेटफ्लिक्स पर खूब फिल्में और सीरीज देख रही हैं। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की प्रबल दावेदारों में शुमार जरीन का मानना है कि ऐसी गतिविधियां जो भले ही कईयों को आरामदायक लगे, लेकिन उनके लिए यह वास्तव में 26 जुलाई को पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक से पहले खुद को शांतचित्त बनाए रखने का तरीका है। जरीन ने कहा, 'सच कहूं तो मैं अब भी ओलंपियन बनने के अहसास से गुजर रही हूं। जैसे जैसे दिन आगे बढ़ रहे हैं, मेरी घबराहट बढ़ती जा रही है। लेकिन मैं अपना दिमाग अच्छे प्रदर्शन पर ध्यान लगाए रखने पर लगा रही हूं।'

# तीन साल में पहली बार घर में खेलेंगे नीरज



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।' चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी एजेंसी से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था।

## प्रतिभाशाली सहरावत और अनुभवी दीपक देंगे चुनौती

# ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में कोटा की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

प्रतिभाशाली अमन सहरावत और अनुभवी दीपक पूनिया गुरुवार से यहां शुरू होने वाले अंतिम विश्व कुश्ती क्वालीफायर्स में पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों के फ्री स्टाइल वर्ग में कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगे। पहलवानों के पास पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का यह अंतिम मौका होगा। विश्व अंडर 23 चैंपियन अमन से विश्व चैंपियनशिप या बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद थी लेकिन वह इन दोनों अवसरों पर नाकाम रहे ।

अमन (57 किग्रा) को बिश्केक में जहां गुलोमजोन अब्दुल्लाव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा वहीं विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक (86 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) दोनों दुबई में फंसने के कारण समय पर बिश्केक नहीं पहुंच पाए थे। इस्तांबुल में अब भारतीय पहलवानों के लिए करो या मरो जैसी स्थिति बन गई है। यहां प्रत्येक वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले दोनों खिलाड़ियों को कोटा मिलेगा। तीसरा कोटा कांस्य पदक के लिए होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी को मिलेगा। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत ग्रीको रोमन शैली से होगी। इसके बाद महिला और फ्री स्टाइल प्रतियोगिताएं होंगी।



### किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक नहीं जीता कोटा

भारत के किसी भी पुरुष पहलवान ने अभी तक पेरिस ओलंपिक में जगह नहीं बनाई है और अगर वह यहां भी कोटा हासिल करने में असफल रहते हैं तो यह भारतीय कुश्ती के लिए करारा झटका होगा जो पिछले कुछ समय से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण चर्चा में रही है। विरोध प्रदर्शन के कारण भारतीय पहलवान राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाए जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुईं। भारत को हालांकि अमन और दीपक से काफी उम्मीदें हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt.-133001, for and on behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item:-

| S.N. | Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98245253 | ऑप्टिकल बायोमीटर (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 01 Nos. | 04.06.2024 at 11:00 hrs. | 52710 |

NOTE: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No manual offer will be entertained.
E-Tender Notice No. 98245253 Dated: 08.05.2024 1397/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# नस्लीय उपमाओं से बचें कांग्रेस के नेता

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के चीनी, अरबी, गोरों व अफ्रीकी बयान से उनकी विभाजनकारी सोच परिलक्षित होती है। उच्च शिक्षित, भारत में कंप्यूटर क्रांति के सूत्रधार सैम पित्रोदा जैसी शख्सियत से भारत की विविधता के लिए रंगभेद आधारित उपमा की उम्मीद नहीं की जा सकती है। भारत के संदर्भ में सैम पित्रोदा का बयान शर्मनाक है, दुर्भाग्यपूर्ण है, निंदनीय है। कांग्रेस ने भी इसे गलत व अस्वीकार्य कहा है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन मजबूत एकता भी है। देश में विभिन्न धर्म-जाति, विभिन्न भाषा-संस्कृति, विभिन्न कद-काठी, विभिन्न रहन-सहन, विभिन्न वेशभूषा के लोग रहते हैं, सभी मिलजुल कर सदभाव व सौहार्द के साथ रहते हैं। इसलिए कहा जाता है कि भारत विभिन्नता में एकता वाला देश है। शायद पित्रोदा भी यही करना चाहते हों, लेकिन उनकी उपमाएं अच्छा संदेश नहीं दे रही हैं। देश की फिजा समावेशी है, लेकिन कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के नस्लीय बयान से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। पहले से ही भारत के अनेक दुश्मन हैं, वे हमेशा ऐसी ताक में रहते हैं कि उन्हें भारत को कमजोर करने का असर मिले। यह बात पित्रोदा भी भलीभांति जानते हैं। बेशक कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से खुद को अलग कर लिया है, सैम ने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है, पर इससे उनके बयान के खतरे कम नहीं हो जाते हैं। चाहे पूर्वोत्तर के लोग हो, उत्तर के हों, पश्चिम के हों, या दक्षिण भारत के लोग हों, सभी भारतीय हैं। सभी के दिल में तिरंगा बसता है। सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के रंग के आधार पर उनकी तुलना विदेशी मुल्कों के वासियों से करके सभी भारतवासियों को कष्ट पहुंचाया है, भारतीयों के दिल को चोट पहुंचाया है। सैम पित्रोदा को इसका एहसास है? इससे पहले भी सैम ने विरासत टैक्स की बात चुनाव के दौरान उठाकर कांग्रेस को संकट में डाला है। भारत में विरासत टैक्स जैसी बात व्यवहारिक नहीं है। विरासत टैक्स के विचार को पहले ही खारिज किया जा चुका है। कांग्रेस अपने पूर्व नेता मणिशंकर अय्यर के चायवाले बयान का खामियाजा भुगत चुकी है। कांग्रेस में अनेक बयानवीर नेता हैं, जो अपनी ही पार्टी को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। चाहे दिग्विजय सिंह हों, शशि थरूर हों, अपने बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा चुके हैं। शशि थरूर का कैटल क्लास वाला बयान भारत की गरीब जनता का अपमान था। देश में लोकसभा चुनाव जारी है, तीन चरण के मतदान हो चुके हैं, चार चरण शेष हैं, प्रचार अभियान शबाब पर है, इस बीच सैम पित्रोदा ने पहले विरासत कर और नस्लीय बयान देकर भाजपा को बैठे बिठाए मुद्दा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोरदार तरीके से कांग्रेस पर हमला बोला है। भले ही कांग्रेस को लगे कि सैम पित्रोदा के इन बयानों से उसके चुनावी प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन विश्ववास से कुछ नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस के मोमेंटम का गहरा धक्का लग सकता है। अभी जब पूरी दुनिया में रंगभेद के खिलाफ सोच विकसित हुई है। यूरोप,, अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरेशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया आदि सभी महादेशों में रंगभेद, नस्लभेद, जातिभेद और धर्मभेद के खिलाफ अलग-अलग स्तर पर विमर्श चल रहे हैं, जिसमें दुनिया को मानवता की दृष्टि से और सभी मानव एक हैं, के नजरिये से देखने की बात हो रही है। रंगभेद के खिलाफ कानून तक बना है। हो सकता है कि सैम पित्रोदा की मंशा न हो, पर उनकी बातों से नस्लभेद का संदेश ही निकला। अगर पित्रोदा देश की एकता, विविधता को मजबूत करने वाली सरल उपमाएं लोगों के सामने रखते तो, अच्छा होता।


जयंती

योगेश कुमार गोयल



# सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे महाराणा प्रताप

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को लोहे के चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। इतिहासकार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्रायः दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाइयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं। इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती 9 मई को मनाई जा रही है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप के बारे में कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। मुगल सम्राट अकबर भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर पूरे हिन्दुस्तान में इस्लामिक परचम फहराना चाहता था, इसीलिए उसने महाराणा प्रताप के मेवाड़ को जीतने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमाल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया, बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़ा। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए। हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चयी, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे। महाराणा प्रताप सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




तीसरा चरण
प्रमोद भार्गव

# मतदान और बढ़ाने की जरूरत

18वीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। 8 बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

अठारहवीं लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान को उत्साहजनक कहा जा सकता है। 10 राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ। असम में सबसे ज्यादा 75.01 प्रतिशत और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.09 प्रतिशत मत पड़े। अभी इस मतदान के और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों से मतदानकर्मी देर-रात तक वापस आकर आंकड़े दे पाते हैं। हालांकि इन सीटों पर 2014 में 65.38 और 2019 में 67.62 फीसदी मत पड़े थे। इस अनुपात में 2024 में पड़ा मत कम है। मध्यप्रदेश में जिन 9 सीटों पर चुनाव हुआ है, उन पर औसत मतदान 66.50 फीसद रहा, जबकि 2019 की तुलना में यह मतदान मात्र 0.38 प्रतिशत कम है। तब 66.88 प्रतिशत वोट पड़े थे। मध्यप्रदेश में सबसे कम भिंड लोकसभा सीट पर 55.44 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी होने से बहुचर्चित रही सीट राजगढ़ में 76.19 प्रतिशत वोट पड़े हैं। इस बड़े प्रतिशत को राजगढ़ में कांग्रेस अपने पक्ष में तो भाजपा राम लहर का परिणाम बता रही है। इस मतदान के बढ़ने के कारणों में तिथि में शादी-विवाह न होना और खेती-किसानी का समाप्त हो जाना माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने भी कुछ ऐसे प्रयोग किए हैं, जो मतदान बढ़ाने में सहायक रहे हैं। बावजूद उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और बिहार समेत अन्य राज्यों की कई सीटों पर मतदान का प्रतिशत 55 से 59 रहना चिंताजनक है।

जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा होना है। ऐसा राष्ट्रीय मुद्दों का उन क्षेत्रों में प्रभावशील होना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते 350 से ज्यादा सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने में आएगा। यही रुख नरेंद्र मोदी के संकल्प 400 पार को पूरा करता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए के खात्मे के साथ तीन तलाक जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। राम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी दूसरे कार्यकाल में खुला और राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक रीति से गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में होती दिखाई देने लगी थी, जो पहले चरण में हुए मतदान के उत्साहजनक प्रतिशत से पुष्ट हुई है। अब लोग चाहते हैं कि समान नागरिक संहिता और जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून जल्द अस्तित्व में आएं? साथ ही रोजगार की उपलब्धता, महंगाई और भ्रष्टाचार पर अंकुश भी मतदाता चाहता है। बहुआयामी चुनाव सुधार के कारगर नतीजे पूरे देश में दिख रहे हैं। इसका श्रेय निर्वाचन आयोग के साथ, लोकतंत्र के इस अभूतपूर्व पर्व में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने की उन अपीलों को भी जाता है, जो दृश्य, श्रव्य व मुद्रित प्रचार माध्यमों से निरंतर जारी हैं। पूर्वोत्तर भारत से लेकर




दशों दिशाओं में शांतिपूर्ण मतदान में जो सुधार हुआ है, उसे बेहतर, पारदर्शी व फोटो लगी मतदाता सूचियों का भी बड़ा योगदान है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद आयोग ने छूटे रह गए मतदाताओं को अपने नाम का पंजीयन कराने का जो अवसर दिया, उसे भी रेखांकित करना जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदाता ने जो उदासीनता दिखाई है, उसके चलते ऐसा लग रहा है कि जीत का इकतरफा माहौल बन जाने के कारण कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला। अतएव अभी मतदाता को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति और जागरूक करने की जरूरत है।

आयोग की सख्ती से चुनाव गुंडा-शक्ति से मुक्त हुए हैं। इस कारण मतदान केंद्रों पर लूटपाट और खून-खराबे के जो हालात बन जाते थे, उनका कमोवेश खात्मा हो गया है। भय-विहीन स्थिति के चलते आम मतदाता निसंकोच मतदान करने लगा है। नोटा के विकल्प ने भी मतदाता को आकर्षित किया है। लिहाजा मौजूदा उम्मीदवारों से निराश मतदाता नकारात्मक मत प्रयोग के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जाहिर है, अतिवादी ताकतें कमजोर पड़ रही हैं। सजायाफ्ताओं के चुनाव लड़ने के प्रतिबंध से भी चुनाव प्रक्रिया साफ-सुथरी व भयमुक्त हुई है, इसीलिए मतदान को लेकर सबसे प्रमुख रुझान जम्मू-कश्मीर में देखने को मिला है। जहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे हैं। यही स्थिति जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में दिखी है। साफ है, जनमानस संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र के प्रति सजग व जागरूक है। मतदान के अगले चार चरणों में यदि मतदान 70 फीसदी से ऊपर पहुंचता है तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदाओं व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारी से मुक्ति दिलाएगी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा मतदान या औसत 70 प्रतिशत तक पहुंचा मतदान उन सब मिथकों को तोड़ रहे हैं, जो तुष्टिकरण के कारक आजादी के बाद से ही बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, लेकिन अब वहां हालात तेजी से बदल रहे हैं और भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होने के लिए बढ़-चढ़कर लोकतांत्रिक प्रणाली में भागीदारी करने लगे हैं। जाहिर है, मतदाताओं के ध्रुवीकरण की राजनीति को पलीता लग रहा है। नतीजतन समुदाय और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लगा है और उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडिया गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। गठबंधन की परिणति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी में डालने वाला बयान देते हुए कहा कि 'कांग्रेस और वामदल इंडिया गठबंधन के घटक दल नहीं है। कांग्रेस और माकपा ने भाजपा से गुप्त समझौता कर लिया है।' इस बयान में कितनी सच्चाई है, यह कहना तो कठिन है, लेकिन बंगाल के परिप्रेक्ष्य में ममता ने यह संदेश जरूर दे दिया कि बंगाल के मतदाता को भाजपा समेत अन्य विरोधी दलों पर भरोसा करना ठीक नहीं है। साफ है, ममता बंगाल में अपने बल-बूते पर ही चुनाव लड़ रही हैं।

इस बार बढ़ा मतदान तो राजग गठबंधन के फेवर में है ही, घटा मतदान भी इसी गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि मतदाता मानकर चल रहा है, कि मोदी की विजय सुनिश्चित है। बावजूद राजनीतिक घोषणा-पत्र के साथ जो भी दल चुनावी मैदान में हैं, उन्हें वोट कटवा दल कहकर नकारा नहीं जा सकता है? बहुकोणीय गोलबंदियों के चलते भी मतदान बढ़ता है, तो कहा जा सकता है कि मुकाबला कड़ा है, इसलिए एकाएक निष्कर्ष निकालना कठिन है। इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे ही प्रभावी रहेंगे। बहरहाल चुनावी यज्ञ में जितनी आहुतियां पड़ेंगी, लोकतंत्र उतना ही पारदर्शी और मजबूत होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेष्ट




संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

# जहां मतभेद होते हैं वहां सफलता नहीं होती



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इसके बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करता रहता है, जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके।

## अंतर्मन

कांग्रेसी विचारक सैम पित्रौदा की नस्लीय टिप्पणी से कांग्रेस फिर बैकफुट पर




## आज की पाती


### घटते पेड़ बढ़ती गर्मी का कारण

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में लू परेशान करती है। कभी कभी लू स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर डालती है और यह हमें बीमार भी कर सकती है। इसलिए दोपहर को बाहर निकलते समय सावधानी बरतनी चाहिए। स्कूल प्रशासन को भी स्कूल टाइम में चेंज करना चाहिए। देश के कुछ राज्यों में कहीं-कहीं लू भी चलने लगी है। जिस तरह गर्मी ने अभी से अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू किए हैं, इससे यह अंदाजा लगाना भी मुश्किल नहीं है कि भविष्य में हमें गर्मी और ज्यादा परेशान करेगी। आज से कुछ समय पहले एसी और कूलर नाममात्र के होते थे, लेकिन बढ़ती गर्मी ने इसमें भी इजाफा कर दिया है। सवाल तो यह है कि अगर इसी तरह पेड़ घटते रहे और गर्मी बढ़ती रही, तो क्या आने वाले समय में एसी भी गर्मी से बचाने में हमारी मदद कर पाएंगे? *- पवन सिंह खेडा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर से अधिक धन मिला

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किये गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है।'



## ऑफ बीट

# ईसा पूर्व चौथी शताब्दी से मिलता है कैंसर का विवरण

कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति का सबसे पहला विवरण चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से मिलता है। काला सागर पर हेराक्लीया शहर के तानाशाह सैटिरस जांघ और अंडकोश के बीच कैंसर हो गया। जैसे-जैसे कैंसर फैलता गया, सैटिरस को बेतहाशा दर्द होने लगा। वह सो नहीं पाता था और उसे ऐंठन होती थी। शरीर के उस हिस्से में फैलने वाले कैंसर को लाइलाज माना जाता था, और ऐसी कोई दवा नहीं थी जो पीड़ा को कम कर सके। इसलिए डॉक्टर कुछ नहीं कर सके। आख़िरकार, कैंसर ने 65 वर्ष की आयु में सैटिरस की जान ले ली। इस काल में कैंसर के बारे में लोग जानते थे। पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व के अंत या चौथी शताब्दी के प्रारंभ में लिखे गए एक पाठ, जिसे महिलाओं के रोग कहा जाता है, में बताया गया है कि स्तन कैंसर कैसे विकसित होता है। इसमें बताया गया है कि कैंसर होने पर कठोर गांठें बनने लगती हैं, जिनमें छिपे हुए कैंसर विकसित होते हैं, मरीजों के स्तनों से लेकर उनके गले और कंधे तक दर्द होता है, ऐसे रोगियों का पूरा शरीर पतला हो जाता है, सांस लेना कम हो जाता है, गंध महसूस नहीं होती है। इस अवधि के अन्य चिकित्सा कार्यों में विभिन्न प्रकार के कैंसर का वर्णन किया गया है।



## ट्रेंड

### नामीबिया को बधाई



हम नामीबिया को मां-से-बच्चे में संचरण को खत्म करने की दिशा में प्रथम बनने पर बधाई देते हैं। हम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयासों के लिए डब्ल्यूएचओ के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदायों को सलाम करते हैं।
-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### स्पष्टता से घटित हो जीवन



आपका जीवन आपकी अपनी स्पष्टता और क्षमता से घटित हो, न कि संयोग से या दूसरों की करुणा और दयालुता से। एक बार जब आपके और आपकी विचार प्रक्रिया के बीच दूरी आ जाती है, तो एक नई स्वतंत्रता का जन्म होता है।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### आरक्षण का आधार धर्म नहीं



आरक्षण का आधार धर्म नहीं, सामाजिक पिछड़ापन है। पीएम को इतनी भी समझ नहीं। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या मोदी ने कभी मंडल कमीशन की सिफ़ारिशें पढ़ी है? इसमें 3500 से अधिक पिछड़ी जातियों और अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।
-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

### तानाशाही से लड़ता रहूंगा



भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ और मुझे जेल में डाला गया। मेरा नाम कन्हैया है, भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलते हुए तानाशाही से लड़ता रहूंगा। सही के साथ और ग़लत के खिलाफ खड़ा होकर मैं मरते दम तक उस धर्म की रक्षा करूंगा।
-कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# उत्तराखंड में जंगल आग पर सुको सख्त, जल्द उपाय करें


**बारिश व कृत्रिम बारिश के भरोसे न रहें**

**सरकार बोली-0.1 प्रतिशत हिस्सा ही प्रभावित**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तराखंड सरकार से कहा कि बारिश या कृत्रिम बारिश (क्लाउड सीडिंग) के भरोसे नहीं बैठा जा सकता। इसकी जल्द रोकथाम के उपाय करें। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने कोर्ट में अंतरिम स्टेटस रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश की। उत्तराखंड सरकार ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि नवंबर 2023 से अब तक जंगलों में आग लगने की 398 घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार ये आग इंसानों ने लगाई गई।

सरकार के वकील उपमहाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने बताया कि उत्तराखंड के जंगलों का सिर्फ 0.1 प्रतिशत हिस्से में ही आग चपेट में है। इस मामले में अब 15 मई को सुनवाई होगी। उत्तराखंड में अप्रैल के पहले हफ्ते से लगी आग से अब तक 11 जिले प्रभावित हुए हैं। जंगलों की आग में झुलसने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है और चार लोग गंभीर रूप से घायल है। आग से 1316 हेक्टेयर जंगल जल चुका है।



## उत्तराखंड के सीएम धामी ने लिया वनाग्नि की स्थिति का जायजा

## आग बुझाने में लापरवाही के आरोप में 10 वनकर्मी निलंबित

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जंगलों में बेकाबू हो रही आग की स्थिति का जायजा लिया जबकि आग बुझाने के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 वनकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। वन विभाग ने दावा किया कि पिछले दो दिनों से वनाग्नि की घटनाओं में लगातार कमी आ रही है और इस पर काबू



पाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप जल्द ही उस पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में जंगल में आग फैलने से रोकने के लिए फायर लाइन बनाने व इसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वनों में आग लगने के एक मुख्य कारण पिरूल को एकत्रित करने के लिए एक प्रभावी योजना बनाने तथा पिरूल संग्रहण केंद्र बनाने को भी कहा। उन्होंने जानबूझकर जंगलों में आग लगाने की घटनाओं में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई करने को भी अधिकारियों से कहा।

## मालदीव से भारत लौटे 51 भारतीय सैनिक

**माले (एजेंसी)।** भारत ने मालदीव से अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की जानकारी दी है। हालांकि उन्होंने मालदीव में बचे भारतीय सैनिकों के बारे में खुलासा नहीं किया है। मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी की जानकारी ऐसे समय पर आई है, जब राष्ट्रपति मुइज्जु की दी हुई डेडलाइन में सिर्फ दो दिन बाकि है। एक दिन बाद 9 मई को मालदीव के विदेश मंत्री मुसा अमीर भारत दौरे पर आ रहे हैं। इससे पहले मालदीव ने बताया था कि भारतीय सैनिकों के दो जत्थों ने देश छोड़ दिया था। उस समय भी देश छोड़ने वाले सैनिकों की सटीक संख्या नहीं सामने आई थी। दरअसल मालदीव की मुझज्जु सरकार ने भारतीय सैनिकों को10 मई तक मालदीव छोड़ने की डेडलाइन दी है।

- मुइज्जु के कार्यालय ने दी जानकारी

## भारत पर लगे आरोपों पर कायमः कनाडाई विदेशमंत्री

**ओटावा(एजेंसी)।** कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है।



कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा, ₹हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई। कनाडा की विदेश मंत्री जोली ने बताया कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस कर रही है। जोली ने कहा कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है। जोली ने आगे कहा कि हम उन आरोपों पर भी कायम हैं जिसमें कहा गया था कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडा की धरती पर एक शख्स की हत्या की। मैं इस पर और टिप्पणी नहीं करना चाहती हूं।

## कनाडा की जमीन पर बढ़े भारत विरोधीः उच्चायुक्त

**प्रयागराज।** भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा मंगलवार को कनाडा में मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे।



यहां उन्होंने भारत-कनाडा के रिश्तों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। वर्मा ने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे तत्व उभर रहे हैं, जो भारत के लिए खतरा हैं। संजय ने आगे कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण, कल्चर और चिंताओं को समझेंगे। लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे है, जिस पर सालों से कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं।

## राजस्थान और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी, दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान और मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में अगले दो दिन यानी 10 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान का बाड़मेर और मप्र का दामोह देश के सबसे गर्म शहर रहे। यहां का तापमान क्रमशः 45.2 और 44.8 दर्ज किया गया। 10 व 11 मई को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से दोनों राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना है। इससे लू से राहत मिलेगी। 12 मई तक हीटवेव से राहत की उम्मीद है। दिल्ली में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। 11 और 12 मई को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में 13 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

**आगे अनुमान**

- दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ व राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने की संभावना।
- बंगाल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान है।
- पूर्वी उत्तर प्रदेश के हिस्सों में धूल भरी आंधी चल सकती है।
- तेलंगाना के कुछ हिस्सों में मंगलवार रात बेमौसम बारिश के बाद अलग-अलग घटनाओं में 13 की मौत हो गई।

## आतंकवाद से निपटने के लिए दिए पांच लाख डॉलर : रुचिरा कंबोज

**ओटावा(एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।'

**करीब दो साल पहले किया था वादा**



साल 2022 में अक्तूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।




# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Haryana. +Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. ^ Mobile charger is available in select variants. * Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY TVS CREDIT IDFC FIRST Bank L&T Finance SHRIRAM Finance ICICI Bank

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत डीलरः रोहतक : एस.के. जैन टीवीएस, फो: 9215551228. मानसरोवर पार्क (रोहतक): फो: 9215536902. भिवानी चुंगी (रोहतक): तुलसी लोक टीवीएस, भिवानी रोड़, फो: 9215650603. जीन्दः पँवार टीवीएस, फो: 8929592506. नरवानाः लाज टीवीएस, पटियाला रोड़, फो: 9034404321, 9306668701. गोहानाः गोहाना टीवीएस, फो: 8929163001. बहादुरगढ़ः राठी टीवीएस, फो: 8929592575. करनालः ग्रीन टीवीएस, ओल्ड जी.टी. रोड, फो: 9812029009, 9416127919. करनालः कृष्णा टीवीएस, नई अनाज मंडी गेट, जी.टी. रोड़, फो: 8607777735. पानीपतः वर्धमान टीवीएस, निकट नई अनाज मंडी, फो: 8929592588. सो-हम टीवीएस, सुभाष कॉलोनी, तहसील कैम्प मोड़, जी.टी. रोड़, फो: 8607586075, 7027001155. रेवाड़ीः जी वाई एस टीवीएस, फो: 7988388081, 9991131900. नारनौलः रोहित टीवीएस, निजामपुर रोड़, फो: 9416248898. सोनीपतः सनराइज़ टीवीएस, फो: 8569970007. हिसारः गर्ग टीवीएस, फो: 7027418101, 02, 03, 04, 05. श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9896571820, 8168633056. सिरसाः एन.एम.पी. टीवीएस, एलीना सिटी मॉल, फो: 9518421243. फतेहाबादः शक्ति टीवीएस, फो: 9215610688. टोहानाः गुरुकृपा ऑटो, फो: 8929592539. भिवानीः आर्य टीवीएस, फो: 9416058748. बहादुरगढ़ः आर जी जे पी टीवीएस, फो: 8527516679, 9354633286.अन्य केन्द्रः सॉवरिया टीवीएस, विद्युत नगर, इण्डस्ट्रियल एरिया, दिल्ली रोड़, फो: 8295784123. महमः विद्या मोटर्स, फो: 9992111677, 8059380156. झज्जरः क्रिस्टल ऑटो, फो: 8396930253, 8396930254. झज्जरः तुलसी लोक टीवीएस, फो: 9215650635. कलानौरः कान्हा टीवीएस, फो: 9729649677, 01258-299200. छुछकवासः श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9306792793, 8059212212. बेरीः ओशो टीवीएस, फो: 7404545257. बादलीः साईन टीवीएस, फो: 9992452420, 9812471246. जुलानाः शिव ऑटोः फो: 9416603435, 7876148802. पिल्लूखेड़ाः जगदम्बा ऑटोमोबाइल, फो: 9896101624. सफीदोंः श्री सत्यम मोटर्स, फो: 7015853837. उचानाः उचाना टीवीएस, फो: 9996804471. जलमानाः महालक्ष्मी टीवीएस, फो: 8168756440, 9034867458. घरौंडा : राणा मोटर, फो: 9215725944, 9896425944. इन्द्री : कालरा ऑटो स्टोर, फो: 9896010726. कलसोरा : सूरज टीवीएस, फो: 8398889858, 9991323781. असन्ध : ग्रीन मोटर्स, फो: 8882288878. समालखाः राठी मोटर्स, फो: 9215870004. इसरानाः एस.के. टीवीएस, फो: 9813097021. बावलः दवेन्द्र टीवीएस, फो: 9416092926, 9467090045. दहीनाः अमित टीवीएस, फो: 9813931991. धारूहेड़ाः कृष्णा ऑटोमोबाइल्स, फो: 9728393334, 9992453435. कोसलीः रेट्रो टीवीएस, फो: 9312593949. पालावासः रेट्रो टीवीएस, फो: 9871123002. खरखौदाः योगेश ऑटो, फो: 8053673420. गन्नौर : प्रगति ऑटो, फो: 7056434807. मुरथलः मंगल टीवीएस, फो: 9467285556. कुण्डलीः श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9996580850. बरोटाः चरण टीवीएस, फो: 7495003400. कनीनाः नवोदित टीवीएस, फो: 9416133777. अटेली मंडीः वर्मा टीवीएस, फो: 9466925285. महेन्द्रगढ़ः वी.एस. टीवीएस, फो: 9355088850. सिवानीः शिवा टीवीएस, फो: 9991076172. हांसीः सुभाष टीवीएस, फो: 9729177117. बरवालाः रहेजा टीवीएस, फो: 8198939000. आदमपुरः जय ऑटोमोबाइल्स, फो: 8059920006. चरखी दादरीः बालाजी ऑटो, फो: 9466235445. तोशामः बाबा मुंगीपा टीवीएस, फो: 9416357606. बाढड़ा (सतनाली रोड़): जतिन मोटर, फो: 9728521040, 9813453667. दिगावा जाटानः देव टीवीएस, फो: 8397007809. झोझूकलानः राधे टीवीएस, फो: 7027722277.

dentsu/hb roh/02/24